atulyabhaskar9@gmail.com

प्रसार क्षेत्र - सागर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, नरसिंहपुर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना

**सुविचार**

"परिस्थितियां जितनी ज्यादा आपको तोड़ती हैं.. उससे कहीं ज्यादा आपको मजबूत बना देती हैं..।"

दैनिक

# अतुल्य भास्कर



पेज - 2 पर

वर्ष - 5 / अंक - 09

सागर, 26 अगस्त 2021, गुरूवार

पृष्ठ - 8 / मूल्य - 2.00 ₹

## इंदौर में छात्रा से गैंगरेप तो राजधानी में नाबालिग से दुष्कर्म

**अतुल्य भास्कर, भोपाल/इंदौर**

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में 12वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। छात्रा अपने 4 दोस्तों के साथ कार से मांडू के लिए निकली थी। लड़कों ने छात्रा को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया था। इसके बाद वह बेहोश हो गई। स्कीम 78 में ही उसे कमरे पर ले जाकर 3 लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। इस समय छात्रा की सहेली भी मौजूद थी। वारदात के बाद आरोपियों ने छात्रा को बेसुध हालत में सड़क पर छोड़ दिया। लड़की ने अपनी सहेली समेत 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया- '23 अगस्त की सुबह 10 बजे परदेशीपुरा की रहने वाली सहेली पूजा सफेद रंग की कार से दोस्त आशीष, निपुल और रितेश के साथ घर आई थी। यहां से सभी मांडू के लिए निकले थे। रास्ते में लौटते वक्त दोपहर 4 बजे आशीष ने कोल्ड ड्रिंक दी। इसे पीने के बाद चक्कर आने लगे। मैं बेहोश हो गई। रात 10 बजे जब होश आया, तो मैंने खुद को एक कमरे में पाया। मैंने देखा कि निपुल मेरे साथ गलत काम कर रहा है। इसके बाद मैं फिर बेहोश हो गई। कुछ देर बाद फिर आंख खुली, तो देखा कि आशीष मेरे साथ गलत काम कर रहा है।'



### भोपाल में 10वीं के छात्र ने किया रेप

राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में 10वीं के छात्र के खिलाफ एक किशोरीवय ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में लिया है। लड़की ने पुलिस को बताया, आरोपी उसके साथ गलत काम करने के साथ मोबाइल पर उसे अश्लील फिल्म भी दिखाई है। टीआई निरंजन शर्मा ने बताया, बीडीए कॉलोनी सलैया निवासी लड़की अपनी मां के साथ रहती है। उसके घर के पास ही 10वीं में पढ़ने वाला छात्र भी रहता है। जो लड़की के भाई का दोस्त है। 4-5 दिन पहले दोपहर में लड़की घर पर अकेली थी, तभी आरोपी छात्र उसके घर में जबरन घुस आया। इसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर दुष्कर्म किया। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से लड़की चुप रही। मंगलवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर मां को आपबीती बताई।

### धार में प्रभारी तहसीलदार पर रेप का केस

कुक्षी पुलिस ने महिला कोटवार की शिकायत पर प्रभारी तहसीलदार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता से प्रभारी तहसीलदार के बंगले पर दुष्कर्म हुआ। विरोध करने पर नौकरी से निकालने के साथ ही समाज में बेईज्जत करने की धमकी दी। पीड़िता ने पहले कुक्षी में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने धार कलेक्टर और एसपी को शिकायत कर न्याय की मांग की।

## टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण में भी मप्र ने रचा इतिहास

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया अभियान का शुभारंभ

# 21,34000 को सेहत का टीका



### उज्जैन में सबसे ज्यादा 1.17 लाख को लगा टीका

**अतुल्य भास्कर, भोपाल**

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आज से प्रदेशभर में दोदिवसीय टीकाकरण महाअभियान का दूसरा चरण शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने भोपाल के जवाहर चौक में स्थित जैन मंदिर टीकाकरण केंद्र पहुंचकर टीकाकरण महाअभियान-2 का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री प्रभुनाथ चौधरी और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग समेत स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी भी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे चरण में प्रदेश ने वैक्सीनेशन का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। अभियान के पहले दिन शाम 7 बजे तक 21 लाख 34 हजार 8 लोगों को टीका लगा। इससे पहले 21 जून को प्रदेश में 17 लाख 44 हजार 657 लोगों को वैक्सीन लगी थी। बुधवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा उज्जैन में 1 लाख 17 हजार 861 लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। दूसरे नंबर पर इंदौर शहर है। यहां 1 लाख 15 हजार 508 लोगों को टीका लगा है। देवास और रीवा ने भोपाल को भी पीछे छोड़ दिया है। भोपाल में 65 हजार 655 को टीका लगा है, जबकि देवास में 73 हजार 194, रीवा में 67 हजार 18, सागर में 63 हजार 890, जबलपुर में 64 हजार 211 और रतलाम में 62 हजार 308 लोगों को वैक्सीन लगी है। प्रदेश में दो दिवसीय महाअभियान की बुधवार से शुरुआत हुई है। पहले दिन प्रदेश में 20 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



*एक महिला ने नि:शुल्क वैक्सीन की व्यवस्था होने पर भावुक होकर मुख्यमंत्री का आभार माना।*

### कोरोना को लेकर प्रदेशवासी सतर्क हैं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर प्रदेशवासियों ने साबित कर दिया है कि हम कोरोना को लेकर पूरी तरह सतर्क, सजग और मुस्तैद हैं। महाअभियान की इस सफलता के लिए प्रदेशवासियों के साथ कोरोनायोद्धाओं और कोरोना के खिलाफ जंग में सहभागी बनने वाले सभी व्यक्तियों का आभार।

### वॉट्सऐप से भी करें रजिस्ट्रेशन

- प्रदेश के जिलों में मोबाइल टीम का गठन किया गया है। यह मोबाइल वैन क्षेत्र में घूमकर लोगों को वैक्सीन लगा रही है। कोरोना हेल्थ डेस्क के लिए वॉट्सऐप नंबर 9013151515 से सीधे ओटीपी प्राप्त कर कोविन एप में रजिस्टर करने की सुविधा है।
- जिला प्रशासन जनता से सीधे कॉन्टैक्ट में वाले ऑटो रिक्शा, बस ड्राइवर, सब्जी-फल बेचने वाले समेत अन्य सभी वैक्सीन लगाने से बचे लोगों को बुला कर टीका लगा रहा है।
- वैक्सीन लगाने वालों के हाथ पर स्पेशल सील लगाई जा रही है। इसमें पहले डोज के लिए ब्लैक कलर से एक टिक और दो डोज लगाने पर ब्लू कलर से दो टिक लगाए जा रहे है।

## केंद्र सरकार ने गन्ने का एफआरपी बढ़ाकर किया 290 प्रति क्विंटल

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने आज किसानों के लिए बड़ी राहत का फैसला किया है। अब गन्ने का फेयर एंड रेमुनरेटिव प्राइस बढ़ाकर 290 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गन्ने का एफआरपी 10 फीसद रिकवरी पर आधारित है। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया को बताया कि एथेनॉल सेक्टर से 40 हजार करोड़ रुपए हर साल आ रहे हैं। चीनी के दाम नहीं बढ़ेंगे। एथेनॉल का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि गन्ने का एफआरपी 5 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाया गया है। गोयल ने कहा कि अगर किसान की रिकवरी 9.5 फीसद है तो एफआरपी 275 रुपए प्रति कुंतल होगा।

## प्रशिक्षण के दौरान राजस्थान में फाइटर प्लेन क्रैश, पायलट सुरक्षित

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में एयरफोर्स का मिग 21 फाइटर जेट क्रैश हो गया है। एयरफोर्स के मुताबिक, हादसा बुधवार को शाम 5.30 बजे भूरटिया गांव में हुआ। फाइटर जेट ट्रेनिंग उड़ान पर था। टेक ऑफ के बाद इसमें तकनीकी खराबी आ गई और प्लेन एक झोपड़ी पर जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। प्लेन क्रैश होने से पहले पायलट ने खुद को इजेक्ट कर लिया था। एयरफोर्स ने प्लेन क्रैश होने पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी ऑर्डर कर दी है। वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी ऑर्डर कर दी है। वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी ऑर्डर कर दी है।

## ऋषिकेश में भारी बारिश के बाद काटल गांव में फटा बादल

ऋषिकेश। उत्तराखंड में मंगलवार रात से जारी बारिश के बाद ऋषिकेश में नदियां उफान पर आ गई हैं। वहीं, देर रात नरेंद्र नगर ब्लॉक के काटल गांव में बादल फटने से खेत, बिजली के पोल और पैदल मार्ग पर बना पुल बह गया। उधर, स्थानीय प्रशासन ने भी अलर्ट जारी कर दिया है। तटीय इलाकों में जलभराव होने पर लोगों को शिफ्ट करने के इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा दृष्टिगत गंगा घाटों और तटों पर एसडीआरएफ और जलपुलिस की तैनाती की गई है। लगातार जारी बारिश के बाद काटल गदेरे ने भयावह रूप ले लिया।

## अफगानिस्तान से लाए गए 78 अफगानियों में 16 संक्रमित

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद एयरलिफ्ट किए जा रहे भारतीय व अफगान नागरिकों ने भारत की समस्या बढ़ा दी है। दरअसल, जिन 78 अफगान नागरिकों को भारत लाया गया था, उसमें से 16 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट सामने आते ही भारत की चिंता और बढ़ गई है, जिसके बाद सभी 78 लोगों को क्वारंटीन कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, जिन 16 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है उनमें से किसी में भी कोविड-19 के लक्षण नहीं थे। जांच के बाद रिपोर्ट सामने आने पर कोरोना का पता चला है, जिसके बाद सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कोरोना जांच में सामने आए 16 संक्रमितों में तीन अफगानी सिख भी शामिल हैं। ये सिख अफगानिस्तान के गुरुद्वारे से गुरुग्रंथ साहिब के तीन स्वरूप लेकर भारत आए थे।



### एयरपोर्ट पर ही हो रही कोरोना जांच

कोरोना संक्रमण को देखते हुए भारत सरकार, अफगानिस्तान से आ रहे लोगों की कोरोना जांच करा रही है। एयरपोर्ट पर ही उनकी जांच की जा रही है। इसी जांच में 16 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### 24 घंटे में कोरोना के 12 हजार नए मामलों ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस का खतरा एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। बुधवार को देश में कोरोना के नए मामलों में 12 हजार की बढ़ोतरी देखने को मिली। कोविड के इन नए मामलों ने केंद्र से लेकर राज्य सरकारों की चिंता भी बढ़ा दी है। बुधवार सुबह स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से ताजा आंकड़ा जारी किया गया है। इसके मुताबिक पिछले 24 घंटों में 37,593 नए कोरोना केस सामने आए हैं। जबकि 648 कोविड संक्रमितों की जान चली गई। जबकि देश में मंगलवार को जहां 25,467 कोरोना के नए मामले दर्ज किए गए थे।

### सांसदों-विधायकों के खिलाफ मुकदमा में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा

## सिर्फ संपत्ति कुर्क करने से कुछ नहीं होता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सांसदों और विधायकों या फिर अन्य छोटे-बड़े नेताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों की सुनवाई में काफी लंबा वक्त लगने पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, पर अब देश की सर्वोच्च अदालत ने भी अब चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय एजेंसियों, सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पूर्व सांसदों/विधायकों के खिलाफ जांच पूरी करने में देरी पर चिंता प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को सीबीआई और ईडी के निदेशकों के साथ चर्चा करने के लिए कहा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या उन्हें समयबद्ध तरीके से जांच पूरी करने के लिए अतिरिक्त जनशक्ति की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) द्वारा दायर रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, हमें यह कहते हुए खेद है कि सीबीआई और ईडी द्वारा सांसदों/विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की स्थिति रिपोर्ट अनिर्णायक है..10-15 साल तक चार्जशीट दाखिल नहीं करने और कुछ भी दाखिल नहीं करने का कोई कारण नहीं है। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ और सूर्यकांत की पीठ ने बताया कि ईडी के मामलों में करोड़ों की संपत्ति कुर्क की जाती है, लेकिन कोई चार्जशीट दाखिल नहीं होती है।



### दोषी है तो उसे सजा मिलनी चाहिए

सीजेआई ने मेहता से कहा, कुछ करो, किसी के सिर पर तलवार मत लटकाओ। सुनवाई पूरी होनी चाहिए, और अगर कोई दोषी है, तो उसे दंडित किया जाना चाहिए। हंसारिया ने अदालत के समक्ष कहा किया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का डेटा चौंकाने वाला और परेशान करने वाला है। उन्होंने मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाने पर जोर दिया।

## होम साइंस वाली मैडम और बड़े बाबू साब की जिद

*आपको शायद भरोसा न हो, लेकिन यह सच है कि, मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित मप्र इंस्टीट्यूट आफ हास्पिटेलिटी ट्रेवल एंड टूरिज्म स्टडीज संस्थान को राज्य मंत्रालय में बैठे बड़े बाबूसाब (वरिष्ठ आईएएस) ने अपनी मैडम की जिद पूरी करने के लिए टूरिस्ट पैलेस (सैर-सपाटा स्थल) बनाकर रख दिया है...वो ऐसे कि, इस संस्थान में मप्र के टूरिज्म को जानने-समझने और जिसने बाकायदा टूरिज्म और अतिथि सत्कार जैसे विषय की सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पढ़ाई की हो...और उसमें डिग्री-डिप्लोमा हासिल किया हो, उसी को प्रिंसीपल और डायरेक्टर बनने की पात्रता है...लेकिन बड़े बाबू साहब अपनी मनमर्जी चलाकर यहां ऐसे लोगों को प्रिंसीपल और डायरेक्टर बनवा चुके हैं, जो टूरिज्म और अतिथि सत्कार की एबीसीडी भी नहीं जानते थे... और जिनकी वजह से टूरिज्म संस्थान की साख को देश-दुनिया में बट्टा लगा ...इसके साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिस मकसद से इस संस्थान को शुरू कराया था, उससे भी यह संस्थान भटक गया ...खबरची को बोर्ड से जुड़े एक अफसर ने चर्चा में बताया कि राज्य मंत्रालय में बैठे बड़े बाबू साहब को संस्थान की साख घटे-बढ़े, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं...उन्हें तो सिर्फ अपनी मैडम के प्रिय पात्रों को संस्थान में बैठाना है...अब देखिए न पहले भी इन बड़े बाबू साहब ने मनमर्जी थोपकर इस संस्थान में एक वेटनरी डाक्टर को प्रिंसीपल और होम साइंस की प्राध्यापक को डायरेक्टर बनवा दिया था... वेटेनरी डाक्टर रिटायर्ड हो चुके हैं...होम साइंस वाली मैडम भी रिटायर्ड होने वाली हैं...लेकिन बड़े बाबू साहब इन मैडम को अब पुनः संविदा नियुक्ति दिलवाकर डायरेक्टर बनवाने की जुगत लगा रहे हैं...हालांकि डायरेक्टर पद पर संविदा नियुक्ति के लिए बोर्ड ने विज्ञापन जारी किया है...लेकिन खबरची को बोर्ड के इस अफसर ने बताया कि साहब यह तो सिर्फ दिखावा है, ताकि डायरेक्टर की अवैधानिक नियुक्ति पर कोई अंगुली न उठा सके...सच तो यह है कि बड़े बाबू साहब ने होम साइंस वाली मैडम को दोबारा डायरेक्टर बनवाने की जिद ठान ली है...खबरची ने पूछा, बड़े बाबू साहब इन मैडम को ही क्यों डायरेक्टर बनवाना चाहते हैं...तो अफसर बोला, इसकी भी एक कहानी है...वो यह कि ये मैडम, बड़े बाबू साहब की मैडमजी की प्रिय सहेली जो लगती हैं...स्वभाविक जहां मैडमजी का टेसू अड़ा होगा, वहां यह सब करना बड़े बाबू साहब की मजबूरी हो जाती है...हालांकि टूरिज्म संस्थान में अपात्रों की नियुक्ति किए जाने की शिकायतें मुख्यमंत्री से लेकर पीएमओ कार्यालय तक पहुंच चुकी हैं...अब देखना तो यह है कि, इस मामले में सीएम-पीएम भारी पड़ते हैं या फिर बड़े बाबू साहब की जिद..!*

## इंदौर में कांग्रेस के मौन जुलूस पुलिस ने भांझी लाठियां

### प्रशासन ने कहा- नहीं ली अनुमति, करेंगे कार्रवाई

**इंदौर, ब्यूरो।** राजनीतिक रैलियों को छूट और धार्मिक जुलूसों पर प्रतिबंध के विरोध में प्रदर्शन करने गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने पहले लाठीचार्ज किया, फिर वाटर कैनन से पानी मारकर उन्हें तितर-बितर किया। पुलिस की कार्रवाई में विधायक संजय शुक्ला समेत 10 कार्यकर्ताओं को चोटें आईं। इसके बाद जब प्रशासन ने नेताओं को ज्ञापन देने बुलाया, तो उन्होंने अफसरों को गणेश जी की प्रतिमा गिफ्ट की। कांग्रेस की मौन रैली को प्रशासन से अनुमति नहीं मिली थी। मामले में एडीएम ने संबंधितों पर कार्रवाई की बात कही है। कांग्रेस की बैठक में तय हुआ था कि वे राजबाड़ा से चार-चार लोगों की लाइन में काले कपड़े और मास्क लगाकर मौन रैली निकालेंगे और कोई गड़बड़ी नहीं होने देंगे। यह भी बताया गया कि नारेबाजी के बजाय तख्तियां लेकर हाथ में चलेंगे। अपनी मांगें ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। सुबह करीब 10 बजे सभी विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेसी गांधी भवन पर एकत्र हुए।



## कम नहीं हो रहीं केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की मुश्किलें

### नासिक पुलिस ने 2 सितंबर को तलब किया

**मुंबई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए थप्पड़ वाले आपत्तिजनक बयान के बाद केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। मंगलवार को नासिक पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बाद में वे जमानत पर रिहा हो गए। अब नासिक पुलिस ने अपने यहां दर्ज एक केस में राणे को नोटिस भेजकर उन्हें 2 सितंबर को हाजिर होने को कहा है। राणे के खिलाफ पहला केस नासिक में ही दर्ज किया गया था और यहीं से उनके खिलाफ वारंट भी जारी हुआ था। इस बीच राणे की जन आशीर्वाद यात्रा दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। राणे की ओर से उनके खिलाफ दर्ज 4 केस को रद्द करने को लेकर आज बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर हो सकती है। राणे की गिरफ्तारी के बाद नासिक में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भाजपा ऑफिस पर पथराव किया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पलटवार किया। इस हमले में कुछ शिवसैनिक घायल हुए थे।



## मध्यप्रदेश में सितंबर में खुलेंगे 8वीं कक्षा तक के स्कूल!

### संचालकों ने की कक्षाएं रोज लगाने की मांग

**भोपाल, ब्यूरो।** मप्र में सितंबर में कक्षा पहली से 8वीं तक के स्कूल खुल सकते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने इसके संकेत दिए हैं। बुधवार को प्राइवेट स्कूल संचालकों से मुलाकात में शिक्षा मंत्री ने यह आश्वासन दिया। स्कूल संचालकों ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं रोज लगाने की मांग भी की। अभी 9वीं-10वीं की क्लास सप्ताह में 1 दिन और 11वीं-12वीं की 2-2 दिन लगाई जा रही है। प्राइवेट स्कूलों की संस्था एसोसिएशन ऑफ अन एडेड प्राइवेट स्कूल्स मध्यप्रदेश के सचिव बाबू थॉमस, उपाध्यक्ष विनय राज मोदी समेत अशोक कुमार, उपाध्यक्ष चेतन्य सक्सेना ने शिक्षा मंत्री परमार से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मांगों को लेकर मंत्री परमार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही कक्षा पहली से आठवीं के स्कूल खोले जाएंगे। साथ ही 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं नियमित लगाई जाएंगी ताकि बच्चों की शिक्षा में आए अवरोध दूर किया जा सके।



### *6 दिन पहले बेलाग्राम तीर्थ आई महिला के साथ संबंध के शक में पिटाई का आरोप लगाया*

## *25 साल का संन्यास, अब जैन मुनि शादी कर बिताएंगे गृहस्थ जीवन*

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

*दमोह के जैन तीर्थ बेलाग्राम के एक मुनि सुद्धांत सागर ने 25 साल की साधना छोड़कर गृहस्थ जीवन अपना लिया है। उन्होंने आश्रम में छह दिन पहले ही आई महिला के साथ रहने का फैसला किया है। दरअसल, दोनों के रिश्ते पर शक होने पर दूसरे मुनियों ने आपत्ति जताई थी। सुद्धांत सागर का आरोप है कि दोनों के संबंध को लेकर आश्रम के लोगों ने उनकी पिटाई करके पिच्छी और कमंडल भी छीन लिया था। बचने के लिए मुनि महिला के साथ थाने गए और गृहस्थ जीवन अपनाने की घोषणा कर दी। इधर, आश्रम के लोगों ने मारपीट की घटना से इनकार किया है।*



*मुनि सुद्धांत सागर पिछले कई दिनों से जैन तीर्थ बेलाग्राम में रह रहे थे। आश्रम के लोग बताते हैं कि 25 साल पहले उन्होंने दीक्षा ली थी। वे बेलाग्राम में सिद्धांत सागर महाराज की देखरेख में साधना कर रहे थे। सुद्धांत सागर मंगलवार रात को हिंडोरिया थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना बताई।*

### फोन पर बात करने के दौरान शक हुआ

*मुनि सुद्धांत सागर ने बताया, बेलाग्राम में प्रज्ञा दीदी नाम की महिला एक सप्ताह पहले रहने आई थी। हम दोनों के बीच बातचीत होने लगी। मंगलवार देर शाम प्रज्ञा बड़े मंदिर में बैठकर फोन पर किसी से बात कर रही थीं। आश्रम के प्रमुख सिद्धांत सागर को शक हुआ तो उन्होंने प्रज्ञा को आश्रम छोड़कर जाने के लिए कहा। प्रज्ञा के साथ मारपीट की गई। जब मैंने मारपीट से आचार्य को रोकने की कोशिश की, तो मेरे साथ भी मारपीट की गई। साथ ही, मौजूद दूसरे लोगों से भी पीटने के लिए कहा। पिच्छी और कमंडल भी छीन लिए। घबराकर वहां से भाग निकला। रात में ही जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस से लिफ्ट मांगकर थाने पहुंचा।*

### प्रज्ञा का आरोप- आश्रम में प्रताड़ित किया जा रहा था

*प्रज्ञा मूल रूप से उत्तरप्रदेश के आगरा की रहने वाली हैं। उनका आरोप है वह करीब एक सप्ताह से आश्रम में हैं। यहां मौजूद कुछ माता और कुछ सेवक महिलाएं उन्हें प्रताड़ित कर रही थीं। खाना नहीं दे रही थीं। उस पर मुनि सागर के साथ गलत संबंधों के आरोप लगा रही थीं, जबकि उनके बीच में ऐसा कुछ नहीं था। हां, फोन पर उनकी मुनि महाराज से बात होती रहती थी।*

### 3 साल से चल रही संदिग्ध गतिविधि

*एएसपी शिवकुमार सिंह का कहना है कि रात को सुद्धांत सागर थाने आए थे। उन्होंने पूरा घटनाक्रम बताया। साथ ही, कार्रवाई या रिपोर्ट लिखाने के लिए मना कर दिया। उन्होंने ये बात लिखकर भी दी है। इसके बाद वे कहीं चले गए। इधर, आश्रम की ओर से सिद्धांत सागर की बहन ने कहा है कि मारपीट की कोई घटना नहीं हुई है।*

### 20 पंथी हैं सुद्धांत सागर

*जैन धर्म के अनुसार दिगंबर जैन में 2 पंथ होते हैं। एक 13 पंथी और एक 20 पंथी। यह दोनों पंथ से जुड़े जैन समाज के लोगों की पूजा पाठ में कुछ तरीके अलग होते हैं। बेलाग्राम में रहने वाले आचार्य सिद्धांत सागर महाराज और गृहस्थ जीवन अपनाने वाले मुनि सुद्धांत सागर 20 पंथी कहलाते हैं, जिनसे 13 पंथी जैन समाज के लोग सरोकार नहीं रखते।*

## संक्षिप्त समाचार

### निगम में शोकसभा आयोजित की गई

**सागर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत शुक्रवारी वार्ड में सफाई मित्र के पद पर पदस्थ श्रीमति मुन्नी / बैजनाथ के आकस्मिक निधन पर नगर निगम सभाकक्ष में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर निगम उपायुक्त डॉ.प्रणय कमल खरे, सहायक आयुक्त मनीष परते, पं.माधव प्रसाद कटारे, आ.बी.जोशी, नंदलाल अहिरवार, राजेन्द्र सनकत, भोला करोरिया, राजेन्द्र सेन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री ने जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में किया मतदान

**सागर।** जिला अधिवक्ता संघ सागर के द्विवार्षिक चुनाव में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने जिला न्यायालय स्थित मतदान केन्द्र पर अधिवक्ता साथियों के साथ पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान चौधरी के साथ एड. अखलेश मोनी केशरवानी, एड. सुनील सिंह भदौरिया, एड.मनोज पाण्डेय,एड. रामानुज पाण्डेय, एड. के. के.गर्ग, एड. राकेश कुमार यादव, एड.शाकिर हुसैन खान,एड. घनश्याम पटेल, पटेल,एड.वृजेन्द्र अहिरवार, एड.अनिरुद्ध सिंह, अशरफ खान, अनिल कुर्मी,सन्दीप चौधरी आदि मौजूद थे।

### मास्क नहीं लगाने वाले 74 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई

**दमोह।** जिला कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य के निर्देश पर कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अपर कलेक्टर नाथूराम गौड़ ने बताया आज 74 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 7400 रुपए अधिरोपित जुमार्ना वसूला गया। इसमें दमोह में 21, हटा में 2, पथरिया में 19, तेंदूखेड़ा 8, बटियागढ़ में 10, पटेरा में 9 तथा जबेरा में 5 व्यक्तियों से जुमार्ना वसूला गया।

---

वैक्सीनेशन महा अभियान के प्रथम दिन दिखा भारी उत्साह

# अपनी जिम्मेदारी एवं सुरक्षा कवच के लिए कराएं वैक्सीनेशनः कलेक्टर

## लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन होने पर कलेक्टर दीपक सिंह ने दी जिले वासियों को बधाई

**अतुल्य भास्कर, सागर**



वैक्सीनेशन महाअभियान के प्रथम दिन जिले के 324 वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए गए जहां पर भारी उत्साह देखा गया, जहां लंबी-लंबी लाइनों में लगकर युवा एवं युवतियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं पुरुषों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए वैक्सीनेशन कराया। वैक्सीनेशन महा अभियान के प्रथम दिन जिले में शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को 4 बजे ही पार कर लिया गया। लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन होने पर कलेक्टर दीपक सिंह ने समस्त जिले वासियों को बधाई देते हुए अपील की की वैक्सीनेशन ही कोरोना संक्रमण के बचाव का असली का कवच है, इसे हमें हर हाल में लगाना होगा जिससे संभावित तीसरी लहर से ना केवल खुद को बल्कि संपूर्ण जिले को कोरोना से मुक्त कर सकें।

कमांड कंट्रोल सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा दिए गए 50 हजार वैक्सीनेशन के लक्ष्य को जिले में सभी के सहयोग से 5 बजे तक 62 हजार से अधिक व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया गया। जिसमें प्रथम डोज लगाने वाले व्यक्तियों की संख्या 43 हजार से अधिक एवं द्वितीय डोज लगाने वालों की संख्या 19 हजार से अधिक है। जिले में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए जहां संभागायुक्त मुकेश शुक्ला एवं कलेक्टर दीपक सिंह लगातार वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर उत्साहवर्धन कर रहे थे, वही कलेक्टर दीपक सिंह स्वयंसेवी संस्थाओं क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्य धार्मिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों नगर निगम कमिश्नर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, नगरीय निकायों के सीएमओ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं



स्वास्थ्य विभाग कि अधिकारियों एवं पैरामेडिकल स्टाफ से निरंतर संपर्क में रहते हुए शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए कार्य योजना पर चर्चा करते रहे। जिसके परिपेक्ष में शाम 4 बजे ही लक्ष्य के विरुद्ध 106 प्रतिशत से अधिक वैक्सीनेशन किया जा सका।

### आकर्षण का केंद्र बने आदर्श केंद्र

जिले में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए कलेक्टर दीपक सिंह द्वारा जिले के समस्त विकास खंडों में 2-2 आदर्श वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे ,साथ ही नगर निगम क्षेत्र एवं उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में भी ड्राइविंग इन वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित कराए गए थे जो कि आकर्षण का केंद्र रहे और इन सेंटरों पर भारी संख्या में व्यक्तियों द्वारा वैक्सीनेशन कराया गया।

### ड्राइविंग इन वैक्सीनेशन सेंटर

कलेक्टर दीपक सिंह ने बताया कि जिले को कोरोना से मुक्त करने के लिए शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के लिए व्यक्तियों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में नगर निगम क्षेत्र में पुलिस ट्रेनिंग ग्राउंड पर चैतन्य अस्पताल एवं मकरोनिया क्षेत्र में शैलेश मेमोरियल स्कूल मैं सागर अस्पताल के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से ड्राइविंग इन वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए गए। जहां प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाने के लिए फिजिकल डिस्टेंस के हिसाब से सेंटर स्थापित किए गए जहां व्यक्तियों द्वारा कार एवं मोटरसाइकिल से पहुंचकर अपना वैक्सीनेशन कराया।

---

## सेवा ही संगठन अभियान 2: वैक्सिन लगवाने वालों को मिठाई खिलाकर एवं पौधा प्रदान कर किया सम्मानित



**अतुल्य भास्कर, सागर**

महावैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत सागर शहर के सभी सेंटरों पर जिसमें शहर के सभी शासकीय सेंटरों में दो दिवसीय महा वैक्सीन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमे पहले सभी सेंटरों का निरीक्षण। एवम सभी को जागरूक करने सेवा ही संगठन अभियान दो भाजपा सागर के प्रभारी शैलेश केशरवानी द्वारा किया गया। सेंटर पर उपस्थित सभी वैक्सीन लगवाने वाले लोगों का मिठाई खिलाकर एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सेवा ही संगठन अभियान 2 भाजपा सागर के प्रभारी शैलेष केसरवानी ने कहा टीका लेने के बाद भी लोगों से कोरोना संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया और 'दवाई भी, कड़ाई भी' पर जोर देते हुये कहा टीका देश में कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक जीत सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे, यश अग्रवाल, जावेद खान, राकेश लारिया, प्रिमिला मौर्य, विष्णु साहू, अनिल केशरवानी, किरण ठाकुर, जीशान खान आदि उपस्थित रहे।

## वैक्सीनेशन कार्य में लापरवाही के चलते ग्रापं सचिव नाउढाना बहादुर सिंह निलंबित

**अतुल्य भास्कर, सागर**

जनपद पंचायत मालथौन ग्राम पंचायत नाउढाना बहादुर सिंह सचिव को ग्राम पंचायत वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत 25 अगस्त को निर्धारित सेंटर पर उपस्थित नहीं होने का दोषी पाये जाने साथ ही सीसी रोड हेतु राशि आहरण उपरांत बांरबार निर्देशों के वावजूद कार्य पूर्ण नहीं कराने, ग्राम पंचायत अंतर्गत नलजल योजना की खराब मोटर का सुधार कार्य नहीं कराये जाने, के कारण डॉ. इच्छित गढ़पाले सीईओ जिला पंचायत ने मालथौन जनपद पंचायत के सीईओ के प्रस्ताव पर निलंबित किया।

---

# जिला अधिवक्ता संघ के तीसरी बार अध्यक्ष बने अंकलेश्वर

- अंकलेश्वर दुबे को 427 संजय द्विवेदी को 363 मत मिले
- देर रात मतगणना के बाद हुई परिणाम की घोषणा

**अतुल्य भास्कर, सागर**

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे एक बार फिर अध्यक्ष चुने गए हैं उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी संजय द्विवेदी को हराया। मंगलवार देर रात मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। मतगणना में अंकलेश्वर दुबे को 427 संजय द्विवेदी को 363 लखन राठौर को 22 शिवदयाल बडोनिया को 76 और राजकुमार अग्रवाल को 52 मत मिले । परिणाम की घोषणा होने के साथी गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर अंकलेश्वर दुबे का साथी अधिवक्ताओं ने सम्मान किया। सबसे अंतिम में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के मतों की गणना हुई, इसके पूर्व कार्यकारिणी के चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय चुनाव में 13 सौ अधिवक्ताओं में से 1152 अधिवक्ताओं ने नई कार्यकारिणी का चयन किया। न्यायालय परिसर में आयोजित मतदान शाम तक



जारी रहा। इसके बाद मतगणना का सिलसिला शुरू हुआ। उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव सह सचिव कार्यकारिणी सदस्य और पुस्तकालय अध्यक्ष सहित अन्य पदों के प्रत्याशियों की मदद गाना पश्चात अंत में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को मिले मतों की गणना शुरू हुई।

चुनाव में अंकलेश्वर दुबे को 427 मत मिले। निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा समर्थित संजय द्विवेदी ने कड़ी टक्कर दी। द्विवेदी को 363 वोट ही मिल सके। तीसरे नंबर पर पूर्व अध्यक्ष लखन लाल राठौर रहे उन्हें 228 वोट मिले। बीजेपी समर्थित राजू बड़ोन्या चौथे नंबर पर रहे। उन्हें कुल 76 वोट मिले। मंगलवार को सुबह 9 बजे से वोटिंग शुरू हुई। अधिवक्ताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा। दोपहर बाद तक पचास फीसदी मतदान हो चुका था। शाम पांच बजे मतदान खत्म हो गया। कुल 1299 में से 1152 वोट डाले गए। इस तरह 88.68 प्रतिशत वोटिंग हुई।

## अनुराग प्यासी को भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजक बनाये जाने पर हुआ स्वागत

**अतुल्य भास्कर, सागर**

भारतीय जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में प्रदेष संयोजक अनुराग प्यासी को बनाये जाने पर उन्होंने तीन बत्ती स्थित गौर मूर्ति पर माल्यापर्ण कर डॉ. गौर के चरणों में नमन किया साथ ही उन्होंने इस अवसर पर पार्टी के प्रदेषाध्यक्ष मा बीडी षर्मा मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चौहान वरिश्ठ नेता गोपाल भार्गव भूपेन्द्र सिंह गोविंद सिंह राजपूत संगठन मंत्री केषव भदौरिया सहित सभी वरिश्ठ नेताओं को आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, लक्षमण सिंह, जगन्नाथ गुरैया, निकेश गुप्ता,



देवेन्द्र कटारे, संतोश दुबे, मनीश चौबे, विक्रम सोनी, रीतेश मिश्रा, यशवंत करोसिया, सौरभ केशरवानी, हरिओम केशरवानी, पंकज मुखारया, अरविंद तोमर, रविन्द्र अवस्थी, नीरज केशरवानी, नितिन सोनी, नितिन चौधरी, मनीश दुबे, अनुराज झुडेले, अनुज साहू, अमित सोनी, भानू राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. गौर की प्रतिमा के माल्यापर्ण के पश्चात भगवानगंज स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यापर्ण किया जिसमें अनुसूचित जाति मोर्चा के नेता रामू ठेकेदार ने उनका कार्यकताओं की उपस्थिति में स्वागत किया।

---

## गांव के पास खंती में डूबने से दो बालकों की मौत



- केंट थाना क्षेत्र के कौलुआ अमरसा गांव में हुआ हादसा, क्षेत्र में छाया मातम

**अतुल्य भास्कर, सागर**

सागर से लगे केंट थाना क्षेत्र के कौलुआ अमरसा गांव से एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। जहां गड्डे नुमा खंती में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस की टीम गांव पहुंच गई है। एक दिन में दो घरों के चिराग बुझ जाने से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार गांव के पास खोदे गए गड्डे में बारिश का पानी जमा हो गया था। गांव के लोग इस पानी का इस्तेमाल नहाने के रूप में करते हैं। बुधवार की सुबह करीब 10.30 बजे गांव समीर पिता पन्नालाल अहिरवार उम्र 15 वर्ष और अनुज अहिरवार 12 वर्ष भी यहां नहाने गया था। गड्डे में पानी गहरा था और दोनो बच्चे पानी में डूब गए। जब गांव के कुछ लोग मवेशी चराने वहां पहुंचे तो उन्होंने हादसे की जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी।

देखते ही देखते पूरा गांव घटनास्थल पर एकत्रित हो गया और आनन फानन में दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल डायल 100 को मौके पर बुलाया गया। इस हादसे में दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

सूचना पर केंट थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतकों के परिजन गहरे सदमें में हैं।

## टेलेंट सर्चः खेल अकादमियों हेतु जिले में टेलेन्ट सर्च का आयोजन

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मध्यप्रदेश खेल अकादमियों के लिए टेलेन्ट सर्च में जिले के विभिन्न खेलों के लिए 1141 रजिस्टर्ड प्रतिभागी जिनकी आयु 12 से 18 वर्ष के मध्य है वे भाग लेंगे। टेलेन्ट सर्च का आयोजन वात्सल्य स्कूल कैम्पस में 27 अगस्त को किया जाएगा। प्रतिभागी प्रातः 9 बजे से फिजिकल फिटनेस टेस्ट कराएं। इसमें ऊंचाई, वजन, शिटअप, पुशअप, 500मी.डेस, शिट एण्ड रीच, बेलेन्स टेस्ट, 600मी रन किया जाएगा। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा निर्धारित संख्या में प्रति दिवस खिलाडियों को एसएमएस के माध्यम से सूचित कर आमंत्रित किया जावेगा। खिलाडियों को अपने फिजिकल फिटनेस टेस्ट हेतु परिचय पत्र/अधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक खिलाड़ी को कोविड-19 के नियमों का पालन करना होगा। थर्मल स्केनिंग(टेम्प्रेचर जॉच) कराना अनिवार्य होगा। टेलेन्ट सर्च हेतु अधिक जानकारी के लिए प्रेमनेती राय संविदा बास्केटबॉल प्रशिक्षक के मो.नं. 9754289234 अथवा खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर सागर में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

## मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिलेवासियों से वैक्सीन अवश्य लगवाने की अपील

**अतुल्य भास्कर, दमोह।** परिवहन एवं राजस्व तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वैक्सीनेशन महा अभियान चलाया जा रहा है, अधिकारी-कर्मचारियों के साथ हमारी भी जवाबदारी है कि हम इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने कहा कोरोना महामारी से बचने के लिए जब हमने प्रथम डोज लगवाया जिसमें हमें बहुत सफलता मिली है। उन्होंने सभी आमजन से व्यक्तिगत आग्रह करते हुए कहा कि वैक्सीन का दूसरा डोज भी अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा संभावना व्यक्त की जा रही है कोरोना की तीसरी लहर महामारी की आएगी।

---

राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया वैक्सीनेशन सेंटरों का निरीक्षण

# वैक्सिन लगवाने आए लोगों का मंत्री राजपूत ने किया सम्मान

**अतुल्य भास्कर, सागर**

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा महा वैक्सीन अभियान अंतर्गत सुरखी विधानसभा क्षेत्र के तालचिरी, बरौदा, चांदोनी सहित विभिन्न ग्रामों में वैक्सीन सेंटरों का निरीक्षण किया।

राजपूत द्वारा लोगों से अपील की गई है कि इस महा वैक्सीन अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वैक्सीन लगावायें, ताकि आप सुरक्षित रहें और आपका परिवार भी सुरक्षित रहे। कोरोना से बचने का एकमात्र सुरक्षित और सफल साधन वैक्सीन ही है उन्होंने कहा कि यह महा वैक्सीन अभियान जीवन रक्षा अभियान है जिसे सफल बना कर अपने और





अपने परिवार के सदस्यों की रक्षा करें।

### वैक्सीन लगवाने आए लोगों का किया सम्मान

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीन लगवाने आए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए उनका फूल मालाओं से सम्मान किया जिन लोगों ने वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिए हैं उनके लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्हें अन्य लोगों को भी वैक्सीन लगवाने के प्रोत्साहित करने की बात कहीं खासतौर से जिन महिलाओं के लिए वैक्सीन लग चुकी है उन्हें बधाई देते हुए सम्मानित किया।

राजपूत ने वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन सेंटर पर अच्छे से अच्छी व्यवस्थाएं की जाएं ताकि जनता को कोई भी परेशानी ना हो साथ ही लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए आम जनता की लिए वैक्सीन संबंधित पूरी जानकारी दी जाए जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति ना रहे जो लोग वैक्सीनेशन कराने आ रहे हैं उनसे भी अनुरोध करें कि वह अपने मित्र व परिजनों को भी वैक्सीन लगवाएं।

## वैक्सीन लगवाने ग्रामीण आये आगे, जागरूकता से बदली सोच, दो डोज पूर्ण सुरक्षा कबज सम्पूर्ण



**अतुल्य भास्कर, बटियागढ़**

कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य के निर्देशन में वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 20 उप स्वास्थ्य केन्दों में वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। स्वास्थ्य एवं पंचायत के जागरूकता अभियान से कैम्प में आगे आकर युवाओं,महिलाओं और वृद्धों में वैक्सीनेशन कराया। कैम्प म प्रथम डोज तथा द्वितीय डोज लगे। लोगो में वैक्सीनेशन को लेकर उत्साह देखा गया उन्होंने अपने कृषि कार्य, मजदूरी को छोड़कर वैक्सीन लगवायी। जानकारी में सीबीएमओ डॉ आर आर बागरी ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ के अंतर्गत आने बाले सभी उप स्वास्थ्य केंदों एव पंचायत में जन जागरूकता अभियान से लोगो मे कोबिड बेक्सिनेश के लिए उत्साह देखा गया है जहां पर पूर्व में बेक्सिनेश के लिए लोग इनकार कर रहे थे उन क्षेत्रों में लोगो ने उत्साह पूर्वक बेक्सिनेश कराया है।

### बस स्टेड पर खड़ी नही हो है लम्बी दूरी की बसें, रात्रि के समय हो रही है परेशानी

# बस संचालकों की दबंगई: छतरपुर, टीकमगढ़, सागर की बसों में नहीं बैठने देते हैं सवारियां

### महिलाओं एवं बच्चों को दो किलोमीटर पैदल चलकर बाईपास जाना पड़ रहा है

**अतुल्य भास्कर, दमोह/बटियागढ़**

स्थानीय दबंग बस मालिकों के कारण लंबे टूर की बसों का बटियागढ़ बस स्टैंड आना नहीं होता हैं। जिससे छतरपुर, ग्वालियर, जबलपुर, नागपुर और भोपाल की ओर जाने वाले यात्रियों को उठानी पढ़ रहीं है परेशानी। बस स्टैंड बटियागढ़ से 2 किमी दूर यात्रियों को बायपास पर जाकर लंबे टूर की बसों का इंतजार करना पड़ता है।

मुख्यमार्ग होने की वजह से रोजाना सैकड़ों यात्री यहां से अपने गंतव्य के लिए निकलते हैं। लेकिन लंबे टूर की बसे नगर के बस स्टैंड पर नहीं आती सैकड़ों यात्रियों को बायपास पर जाकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों का कहना हैं कि रात्रिकालीन बसें जब बटियागढ़ में रात्रि में पहुचती हैं तो बच्चे और महिलाओं के साथ में होने से 2 बजे 3 या 1 बजे लंबी टूर वाली बसें रात्रि में बाईपास पर ही सवारियों छोड़ देती है जिससे डर बना रहता है। और वहीं बाहर की बसे नगर में प्रवेश भी नहीं करती क्योंकि बस के स्टाफ को स्थानीय दबंग बस मालिकों का डर लगा रहता है वो उन्हें दिन मारते पीटते हैं। वहीं अगर दिन में भी जबलपुर छतरपुर रोड वाली बसों को बस स्टैंड पर खड़ा नहीं होने देते कहीं वो 1 किलोमीटर तो कहीं आधा किलोमीटर दूर खड़ी होती हैं। वहां से सवारियों को बैठाती जिससे सवारियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रात में जब बाईपास पर सवारियों को छोड़ा जाता है और वहां से जब वह अपने घर के लिए पैदल चलकर आती हैं तो कोई भी आकस्मिक घटना घटने की आशंका बनी रहती है।

बटियागढ़ थाना प्रभारी मनीष मिश्रा को स्थानीय निवासियों द्वारा जब यह जानकारी दी गई तो उनके द्वारा कहा गया कि लोकल बस सर्विस वालों के मालिकों से बात करते हैं अगर वह नहीं मानेंगे तो उन पर उचित कार्यवाही की जाएगी।




## केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटैल कल दमोह आयेंगे

**दमोह।** केन्द्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटैल 28 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे जिला चिकित्सालय दमोह पहुंचेंगे, यहां आप ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लेंगे। तदोपरांत आप प्रातः 9.50 अपने निवास पहुंचेंगे। प्रातः 10.25 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित दिशा कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। राज्यमंत्री पटैल दोपहर 12.35 बजे अपने निवास पहुचेंगे तथा अपरान्ह 1.30 बजे दमोह से सागर के लिये व्हाया सड़क रवाना होंगे।

## दमोह जिले में अबतक 17.4 इंच वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 442.6 मि.मी. अर्थात 17.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 279 मि.मी. अर्थात 11 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 721.6 मि.मी. अर्थात 28.4 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 566 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया जिले के दमोह वषार्मापी केन्द्र पर 444 मि.मी., हटा 542 मि.मी., जबेरा में 519.8 मि.मी., पथरिया 514 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 188.8 मि.मी, बटियागढ़ 324 मि.मी. तथा पटेरा 566 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 2.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वषार्मापी केन्द्र हटा में 1 मि.मी., तथा तेन्दूखेड़ा में 14.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

## टीकाकरण वेन के माध्यम से भी



**अतुल्य भास्कर, दमोह।** जिलें में वेक्सीनेशन महा अभियान में वेक्सीनेशन वेन दूारा भी टीकाकरण किया जा रहा है। आज तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम चंदना में वेन द्वारा ग्राम के लोगो का टीकाकरण किया गया। यहां लोगो ने उत्साह पूर्वक टीकाकरण कराया।

## वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक एवं कारपोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह ने टीकाकरण केन्द्रों का लिया जायजा

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

मध्य प्रदेश सरकार के वैक्सीनेशन महाअभियान 2 को सफल बनाने हेतु मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक एवं कारपोरेशन अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राहुल सिंह आज विधानसभा क्षेत्र दमोह के अंतर्गत आने बाले ग्रामों हिनौती, सोहेला, सोमखेड़ा, सगोनीकला, दंसोदा, अधरौटा, चौपराखुर्द के वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचकर, वैक्सीनेशन केंद्रों की व्यवस्थाओ का जायजा लिया एवं कोविड महामारी से निजात पाने हेतु, लोगों को वैक्सीनेशन के दोनों टीकाकरण/डोज लगवाने का आग्रह किया। वैक्सीनेशन के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को जागरूक किया व समय अनुसार दोनों टीकाकरण करवाने की अपील की।

उन्होंने वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य को लेकर अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीनेशन किया जाए इसके लिए लोगों से अपील की।

## दमोह ग्रामीण के रिक्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के चयन की अनंतिम जारी

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

महिला बाल विकास परियोजना दमोह (ग्रामीण) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आज खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं का अनंतिम चयन किया गया। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी दमोह ग्रामीण ने बताया कार्यकर्त्ता पद पर केन्द्र पड़रिया के लिये सुषमा पटैल, केन्द्र हथनी के लिये राजकुमारी राय तथा सहायिका पद पर पड़रिया के लिये प्रियांशी सेन एवं खमखेरा के लिये लीना तिवारी का अनंतिम चयन किया गया है। इसी प्रकार प्रतीक्षा सूची में कार्यकर्त्ता हेतु पड़रिया रानी पटैल, हथनी में गोमती राय तथा सहायिका हेतु पड़रिया में अर्चना अहिरवाल एवं खमखेरा केन्द्र हेतु रानू यादव को रखा गया है।

उन्होंने कहा है अनंतिम चयन के विरूद्व यदि किसी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वह 06 सितम्बर 2021 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी दमोह (ग्रामीण) में अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन समय में 5 बजे तक दर्ज करा सकते है। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री की अध्यक्षता में 27 अगस्त को होगी बैठक

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक केन्द्रीय जलशक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री श्री प्रहलाद पटैल की अध्यक्षता में 27 अगस्त को सभाकक्ष कलेक्टर कार्यालय दमोह में आयोजित की गई हैं।

## दमोह जिले में आज कोई केस सामने नहीं आया, एक्टिव केस शून्य

**दमोह।** जिले में आज कोरोना का कोई केस सामने नहीं आया हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉंक्टर संगीता त्रिवेदी ने दी।

## जिपं सीईओ ने शालाओं व ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

**अतुल्य भास्कर, धार**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने सोमवार को धरमपुरी में मॉडल शाला माध्यमिक विद्यालय तारापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, वृक्षारोपण, पोषण वाटिका, डायनिंग हॉल, पेयजल यूनिट के कार्यो पर संतोष अभिव्यक्त किया गया। वहां उपस्थित शिक्षक से शाला में उपलब्ध फर्नीचर की जानकारी प्राप्त की गई। इसी प्रकार उचत्तर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में लाईब्रेरी एवं लेब का निरीक्षण किया गया। लाईब्रेरी में रखी पुस्तकों का रिकार्ड रजिस्टर में अद्यतन करने के निर्देश दिए गए।



शिक्षक को स्मार्ट क्लास के छात्र/छात्राओं को पुस्तके पढ़ने हेतु उपलब्ध नही कराए जाने से नाराजगी व्यक्त करते हुए पुस्तके उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शाला में स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्मार्ट क्लास का संचालन पाया गया। उपस्थित शिक्षक को स्मार्ट क्लास के उपलब्ध मटेरियल को कक्षावार एवं विषयवार संधारित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा ग्राम पंचायत तारापुर में मनरेगा अंतर्गत हुए बोल्डरवाल, वृक्षारोपण, सुदूर सड़क के कार्यो का अवलोकन भी किया गया। कार्यो की गुणवत्ता पर संतुष्टि अभिव्यक्त की गई तथा रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। ग्राम पंचायत पेडवी में वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत कुंदा पहाडी-1 व 2 में पौषण वाटिका एवं वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। पौषण वाटिका के कार्य पर संतोष अभिव्यक्त किया गया तथा उक्त वाटिका को महिला स्वसहायता समूह को संचालन करने के निर्देश दिए गए, ताकि उपलब्ध होने वाली सब्जियों का विक्रय कर जीवन यापन हेतु आय अर्जित कर सके। वृक्षारोपण कार्य के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में बारिश कम होने से कुछ पौधे सूख रहे है के संबंध में पानी की व्यवस्था कर पौधो को जीवित रखने के निर्देश दिए गए।

## एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने टीकाकरण का लिया जायजा

**दमोह।** वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने अभाना उप स्वास्थ केंद्र और बिस्नाखेडी उप स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया ब्लॉक दमोह के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 37 केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों में आम जनों का टीकाकरण को लेकर उत्साह देखा गया। लक्ष्य अनुसार उक्त केंद्रों में 220 डोज में से सभी डोज नियत समयावधि में लगाए जा चुके है।

## अनरय वाले घरों में कजलियाँ देने मोटरसाइकिल से पहुँचे विधायक, पूर्व मंत्री हर्ष यादव

**- संस्कृति में पुरानी परंपरा है जिसका विधायक हर्ष यादव ने बखूबी निर्वहन किया**

**अतुल्य भास्कर, केसली**

केसली के अनरय वाले घरों में कजलियाँ देकर क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव ने सांत्वना दी।कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ विधायक हर्ष यादव अनरय वाले घरों में पहुंचे।विधायक ने केसली नगर के अनरय वाले घरों में कजलियां दी।विधायक हर्ष यादव के साथ उमेश खेहुरिया,शिवराज सिंह,बाबा राजोरिया, गोवर्धन तिवारी,अनिल सिंघई, रामदास पाठक,अरविंद साहू,बृजमोहन पटेल, सौरभ सोनी,नीलेश विश्वकर्मा सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।



विधायक हर्ष यादव ने मोटरसाइकिल से केसली नगर में अनरय वाले घरों में पहुंच कर कजलियाँ देकर सांत्वना प्रदान की।अनरय वाले घरों में कजलियां देकर सांत्वना देने की भारतीय संस्कृति में पुरानी परंपरा है जिसका विधायक हर्ष यादव ने बखूबी निर्वहन किया।विधायक ने अनरय वाले परिवारों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

## आयुष विभाग द्वारा चलाये जा रहे मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम का द्वितीय चरण 07 सितम्बर से प्रारंभ

**अतुल्य भास्कर, दमोह।** जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में मलेरिया की रोकथाम के लिए सम्पूर्ण जिले में आयुष विभाग द्वारा चिन्हित ग्रामों के 23106 लोगों को होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ 200 का सेवन कराया गया। इसी के साथ अभियान का प्रथम चरण सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया द्वितीय चरण अगले माह में 7 सितम्बर,14 सितम्बर एवं 21 सितम्बर कराया जाएगा।

## राय की नियुक्ति से जिले के कार्यकताओं का बड़ा मनोबल: एड .प्रीतम सिंह लोधी

**अतुल्य भास्कर, दमोह।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संजय राय का आज अपने नगर में प्रथम आगमन पर टोल नाके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में अनेको कार्यकताओं ने स्वागत किया ।उसके पश्चात सागर नाके पर हम्माल संघ ने जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया तीन गुल्ली चौराहे पर सतेंद्र साहू ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया तत्पश्चात स्वागत जुलूस स्टेशन चौराहा राय चौराहा होते हुए हृदय स्थल घंटा घर पहुंचा जहां नवनियुक्त पदाधिकारी ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात अंबेडकर चौराहे पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वागत जुलूस भाजपा कार्यालय पहुंचा जहां पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा आतिशबाजी कर गर्मजोशी के साथ प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने नवनियुक्त पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया मंचासीन अतिथियों में पूर्व जिला अध्यक्ष बिहारी लाल गौतम , विद्यासागर पांडे नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी,जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल , जिला महामंत्री गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन,अमित बजाज, ब्रज गर्ग ,अनुराग वर्धन हजारी, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, अनीता खरे, वर्षा रैकवार, संजय यादव ,वी डी बावरा उपस्थित थे अतिथियों ने कहा जिला अध्यक्ष एड प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि संजय राय के पिछड़ा मोर्चा में प्रदेश महामंत्री बनना दमोह भारतीय जनता पार्टी दमोह के लिए गौरव की बात है। उन्होनें बताया कि संजय राय पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है हमेशा पार्टी के लिए समर्पित रहे है आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा ने उनकी दक्षता को पहचानते हुए पार्टी का महत्वपूर्ण दायित्व सौपा है जिसके लिए हम प्रदेश नेतृत्व के आभारी है।

# वैक्सीन जीवन रक्षा कवच हैं, सभी लोग आगे आकर अपना वैक्सीनेशन करवा लें ताकि स्वयं और परिवार की सुरक्षा कर सके: कलेक्टर चैतन्य

**- बटियागढ, हिण्डोरिया में टीकाकरण महाअभियान का लिया जायजा**

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य आज प्रातः 10:30 बजे से चल रहे टीकाकरण महाअभियान का जायजा लेने जिले के बटियागढ़ और हिण्डोरिया ब्लॉक पहुँचकर जायजा लिया। टीकाकरण अभियान का सिलसिला लगातार जारी था। उन्होंने अभियान से जुड़े कर्मचारियों से वस्तु स्थिति जानी और किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर चैतन्य ने बताया वैक्सीन जीवन रक्षा कवच हैं, सभी लोग आगे आकर अपना वैक्सीनेशन करवा लें ताकि वे स्वयं और परिवार की सुरक्षा कर सके। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार आज 25 एवं कल 26 अगस्त को वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है, आज प्रथम दिन हैं। दमोह जिले को 40 हजार डोज प्राप्त हुए हैं, जिसका उपयोग आज ही करना हैं। आज मुख्य फोकस प्रथम डोज का हैं और जहां-जहां पर लिस्ट के हिसाब से सेकेण्ड्री डोज ड्यू हैं उनको डोज लगाने का लगातार प्रयास करके उनको अवगत कराया जा रहा हैं लगातार वैक्सीनेशन केन्द्र पर बुलाया जा रहा हैं।



कलेक्टर चैतन्य ने बताया दमोह जिले में कुल 191 वैक्सीनेशन केन्द्र बनाए गये हैं। बटियागढ़ एवं हिण्डोरिया ब्लॉक में वैक्सीन के डोज लगाये जा रहे हैं या नहीं, लगातार इंट्री हो रही हैं या नही का जायजा लिया, सभी लोगों मे टीकाकरण के लिए उत्साह दिख रहा हैं, लोग टीकाकरण एवं सेकेण्ड ड्यू वाले लोग वैक्सीनेशन के लिए आगे आ रहे हैं।

उन्होंने आमजन से आग्रह करते हुए कहा जिन्होंने अभी तक प्रथम डोज नहीं लगवाया हैं वे नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर में जाकर टीका लगवाए, जिनकी कोवैक्सीन के 28 दिन पूरे हो चुके हैं और अभी तक सेकेण्ड डोज नहीं लगवाया हैं वे अपना सेकेण्ड डोज लगवाएं साथ ही जिनकी कोवीशील्ड के प्रथम डोज के 84 दिन पूरे हो चुके है, वे नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर में जाकर टीका लगवाएं। वैक्सीन जीवन रक्षा कवच हैं, सभी लोग आगे आकर अपना वैक्सीनेशन करवा लें ताकि वे स्वयं और परिवार की सुरक्षा कर सके।

## लापरवाही बरतने वाले लोक सेवकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी

**अतुल्य भास्कर, दमोह**

सागर संभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा द्वारा जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी संकुल प्राचार्य, बी.आर.सी. बी.ए.सी. एवं जनशिक्षक सम्मिलित हुये। बैठक में वर्तमान में शिक्षा विभाग की संचालित गतिविधियों यथा गृह संपर्क अभियान, नामांकन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, निःशुल्क गणवेश वितरण, प्रयास एवं अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण, मैपिंग एवं रजिस्ट्रेशन एवं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) की पूर्व तैयारी के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान शतप्रतिशत लक्ष्यपूर्ति हेतु समय सीमा में हर स्तर पर प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

संयुक्त संचालक, संभाग सागर मनीष वर्मा ने लापरवाही बरतने वाले लोकसेवकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी एवं शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ।

# भाजपा के कल्याण

यूपी के पूर्व सीएम कल्याण सिंह जबसे अस्पताल में भर्ती हुए थे, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री आए दिन उनका हालचाल लेने जाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या फिर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दूसरे मंत्री-विधायक पूर्व सीएम की तबीयत के बारे में जानकारी लेते। यहां तक कि सीएम योगी आदित्यनाथ हर हफ्ते अस्पताल जाकर उनकी खैरियत पूछा करते थे। शनिवार को जब उनका निधन हुआ तो भाजपा के सभी नेताओं के साथ खुद पीएम मोदी भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

यह बताने के लिए काफी है कल्याण सिंह के भाजपा और यूपी में क्या मायने थे। ऐसे वक्त में जब केंद्र से लेकर प्रदेश तक में पिछड़ा वर्ग को साधने की कोशिश चल रही है, तब कल्याण सिंह की अहमियत और भी बढ़ जाती है। कल्याण सिंह को मंडल-कमंडल की राजनीति का प्रयोग बताया जाता था। 90 के दशक में जब देशभर में मंडल की राजनीति तेज हुई तब जवाब में आरएसएस को यूपी में एक ऐसे चेहरे की तलाश थी जो उनके हिंदुत्व के रथ को हांकते हुए पिछड़ी जाति की राजनीति में भी खरा उतरे। संघ की यह खोज कल्याण सिंह पर जाकर पूरी हुई। कल्याण सिंह भाजपा के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बताए जाते हैं जो ओबीसी समाज से थे। कल्याण सिंह लोधी समुदाय से थे जिनकी आबादी सेंट्रल यूपी से पश्चिम यूपी तक फैली हुई है। पिछड़ों की आबादी में यादवों और कुर्मी के बाद तीसरे नंबर पर इस समाज की संख्या बताई जाती थी। भाजपा में सबसे पहले पिछड़ों की राजनीति के साथ हिंदुत्व का प्रतीक कल्याण सिंह ही थे। भाजपा में सर्वसमाज को हिस्सा बनाने के लिए उनका लंबा प्रयास चलता रहा। मैंने देखा है कि जब वह टिकट वितरण की सूची भेजते थे तो उसमें भी पिछड़ों को महत्व देते थे। 1986 से ही संघ परिवार ने एक ऐसे चेहरे की तलाश थी जो संपूर्ण हिंदुत्व के चेहरे को लेकर चल सके और वह सवर्ण चेहरा भी न हो। 90 के दौर की राजनीति में मुलायम सिंह को टक्कर देने वाले कोई था तो कल्याण सिंह ही थे। मुलायम की राजनीति को ब्रेक लगाने का काम कल्याण करते थे। 1991 में जब कल्याण सिंह सीएम बने तो वह पिछड़ों के और अधिक मजबूत चेहरा बन गए। पिछड़ों के प्रति प्रेम के चलते कल्याण सिंह का कई बार विरोध भी हुआ था। बताते हैं कि कल्याण सिंह ने एक बार तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सामने एक मीटिंग में कहा था, समाज में समानता और समरसता नहीं होगी तो आप हिंदू समाज की कल्पना नहीं कर सकते। आपका हिंदुत्व



खोखला है फिर। यह कल्याण सिंह की राजनीति थी जिसका अक्स आज भाजपा की राजनीति में दिखता है। 2013 में जब अमित शाह जब यूपी के प्रभारी बने तो संगठन से लेकर सियासी रणनीति तक में कल्याण युग के फॉर्मूले का अक्स नजर आने लगा। पार्टी ने ओबीसी और हिंदुत्व की रणनीति को फिर से धार दी। संगठन का ढांचा भी बदला। पिछड़ों के भागीदारी संगठन में बढ़ी। ओबीसी, दलित और महिलाओं के लिए हर स्तर पर अलग से पद सृजित किए गए।

# अमेरिका और अफगानिस्तान... जीत या हार?

डॉ विश्वास चौहान

**अंतरराष्ट्रीय विचारक, लेखक, कूटनीति के जानकार अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना हटाने और तालिबानी शासन पुन: कायम होने पर अमेरिका की भूमिका का अपने अपने नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय विधि के प्रोफेसर की हैसियत से मैं आपको बताना चाहता हूं कि अफगानिस्तान में जो कुछ भी घट रहा है , वह विधिवत अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर हुए समझौते के अनुसार ही किया जाना है , समझौते का उल्लंघन अलग विषय है।**

विदित हो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और तालिबान ने तीन महीने पहले कतर में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए और अफ़ग़ानिस्तान में 19 साल तक चले युद्ध को समाप्त करते हुए अफ़ग़ानिस्तान में मौजूद अलग-अलग राजनीतिक ताकतों के बीच बातचीत का रास्ता खोला। अमेरिकी विशेष दूत ज़ाल्मय खलीलज़ाद के साथ दो साल तक चली सुलह और समझौते संबंधी बातचीत के बाद, सभी पक्षों ने एक रुख अपनाते हुए, अफ़ग़ानिस्तान से अमेरिका की वापसी का मसौदा तैयार किया, विदित हो कि अमरीका के साथ अफगानिस्तान की अपदस्थ गनी सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे।

अफगानिस्तान के इतिहास का विश्लेषण कर कुछ विद्वान यह कह सकते है कि सोवियत यूनियन को भगाने के लिए अमेरिका ने ही तालिबान का सृजन किया था।

..लेकिन इस विषय पर मेरा प्रश्न यह है कि क्या वहां के निवासी इतने भोले थे कि उन्होंने तालिबान के सृजन को स्वीकार कर लिया? अगर कोई किसी को कुंआ में कूदने के लिए उकसाए, और अगर वो कूद जाए तो दोष किसका होगा?



वास्तव के अंदर अमेरिका, 9/11 के सन्दर्भ में अफगानिस्तान में छुपे आतंकियों को निकालने ही गया था। जब वे आतंकी दड़बों में मार दिए गए, तो अमेरिका की उपस्थिति अफगानिस्तान में केवल सैन्य शक्ति प्रदर्शन तक सीमित रह गयी थी।

विगत दिनों जब मैं ओबामा की एक किताब पढ़ रहा था , उसमे इस विषय पर भी तथ्य दिए गए हैं ,जिनके अनुसार राष्ट्रपति ओबामा के प्रशासन के समय जब बाइडेन उपराष्ट्रपति थे, तभी वे ओबामा को अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को बाहर निकालने के लिए कह रहे थे। ओबामा अपनी इस पुस्तक ए प्रोमिज़्ड लैंड में लिखते है कि वर्ष 2009 में अफगानिस्तान पे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की व्हाइट हाउस में प्रथम मीटिंग के बाद जब ओबामा कांफ्रेंस रूम से अपने ऑफिस जाने के लिए सीढ़िया चढ़ रहे थे, तब बाइडेन तेजी से उनके पास आए और उनकी एक बांह पकड़कर कहा मेरी बात सुनिए, बॉस, आर्मी जनरल आप को फंसा रहे है (कि अफगानिस्तान में अधिक सेना भेजी जाए तथा सेना समस्या को सुलझा लेगी); आप उन्हें ऐसा मत करने दीजिए। जहां तक अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प की बात है तो वे भी अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना को वापस बुलाना चाहते थे। बाइडन को सेना वापसी की शुरुआती भूमिका उन्ही के कार्यकाल की तैयार मिली है। यह कार्य अंत में बाइडेन ने पूरा किया।

क्योंकि यह एक निर्विवाद सत्य है कि आज के युग में किसी भी राष्ट्र को बाहरी सैन्य शक्ति के द्वारा नहीं बनाया जा सकता। स्वयम राष्ट्र के लोग ही अपने राष्ट्र का पुनर्निर्माण या व्यवस्था परिवर्तन करते हैं।आज का अफगानिस्तान, सीरिया, यमन, इराक, लीबिया की घटनाएं यही सिद्ध करती है। अगर कोई यह कहता है कि अमेरिका अफगानिस्तान से हारकर भाग गया ,जैसे कि अमेरिका वियतनाम से भागा था या बिल्कुल वैसे ही जैसे मुजाहिदीनो ने महाशक्ति रूस को भगा दिया था, तो वे अंधेरे के स्वर्गलोक में जी रहे हैं। उन लोगों से मेरा प्रश्न है कि क्या अमेरिका अफगानिस्तान पर कब्जा करने आया था ? क्या अमेरिका ने तालिबान का खात्मा करने की कसम उठाई थी ? वास्तव में अमेरिका ने इस विषय पर कोई वादा या बयान कभी नही दिया है।

अमेरिका अग्गानिस्तान में आया था ,ओसामा बिन लादेन की खोज में जो कि पहले तो वहां की टोरा बोरा गुफाओं मे छुपा रहा, अमेरिकी सेना ने उसे खोजने के लिए तथ्या ओसामा के सहयोगी तालिबानों को मार कर (एक आंख वाले मौलाना उमर सहित) पूरे तालिबानी इलाको को नष्ट किया , जबकि वो जानता था कि ओसामा पाकिस्तान में छुपा है।

फिर एक दिन उसकी सील टीम -6 पाकिस्तान में आई ,और आपरेशन जेरेनिमो के जरिये ओसामा बिन लादेन को उसने ठिकाने लगाया।कोई नही जानता कि उसे मार दिया, कूट दिया, समुद्र मे फैंका, या फिर किसी अमेरिकी जेल मे सीआइए और एफबीआई के लोग उस पर थर्ड डिग्री आजमा रहे हैं इसलिए अगर किसी को लगता है अमेरिका ने तालिबान से मुक्ति दिलाने के लिए अफगानिस्तान मे अवतार लिया था , तो उनको ये गलत जानकारी है। अमेरिका को लादेन के बहाने पहले पूरे अफगानिस्तान में आतंकी ठिकाने नष्ट करने थे। जिसके लिए उनकी बडी कंपनियो ने पैसा उपलब्ध कराया था। फिर उसी टूटे फूटे मिट्टी का ढेर बन चुके अफगानिस्तान मे एक कठपुतली सरकार बैठाकर , सडक, पुल , बाँध, सेना , पुलिस , से लेकर हर ठेका अमेरिकी कंपनियो को देकर, उनको लागत पर बीस गुणा मुनाफा दिलवाना था

अमेरिका का मकसद पूरा हुआ। उसने लादेन को निपटा लिया , अल कायदा का वजूद खत्म कर दिया। अंत मे शिया ईरान को साधने के लिए , उसे पडोस मे सुन्नी तालिबान की जरूरत थी। तो शांति प्रक्रिया के बहाने तालिबान को अमेरिका ने ही इसफिर से खडा किया, उनसे बातचीत करी। और समझौते मे उनके लिए सत्ता पर काबिज होने की राह साफ करके पल्ला झाडकर , अपना मकसद पूरा करके निकल लिया। इसलिए अफगानिस्तान में अमेरिका की हार हुई कहने वाले जियो -पॉलिटिक्स के विद्वानों से मेरा कहना है कि आपको सीआईए की ठीक से समझ नही है।

वे कोई भी कार्य अध्ययन और शौध के बाद पूरी तैयारी से करते हैं। अमेरिका ने आपरेशन एंडोयोरिंग फीडम मे सीधे तौर पर अपनी फौजे नही उतारी थी ,बल्कि उसने नॉर्दन अलायंस को पैसा और हथियार दिये थे। तालिबान को हटाकर अपनी कठपुतली सरकार बैठाने के लिए उसने ताजिक जनरल अब्दुल रशीद दोस्तम , और अहमद शाह मसूद के कंधो पर रखकर बंदूक चलायी थी।

कंधार मे मुल्ला उमर का सफाया किया। उसने इन दोनो का वैसा ही इस्तेमाल किया ,जैसे रूस के खिलाफ लुबुद्दीन हिकमतयार का किया था। 2002 मे पंजशीर का शेर बनाकर अहमद शाह मसूद का खात्मा खुद CIA ने ही कराया था। बाद मे काला झांगी घटना के बाद , ताजिक रशीद दोस्तम को ठंडा कर लिया। उसके बाद जनरल राजिक को निपटवाया। वस्तु स्थिथि यह है कि तालिबान अमेरिका के बगराम एयरबेस छोडने के बाद अफगानिस्तान पर हावी नही हो रहे है। वस्तुत इनकी सत्ता का रास्ता खुद अमेरिका तालिबानों से लिखित समझौते में बनाकर गया है।

## चिंतन

# क्यों भयभीत है भारतीय हिन्दू

पिछले 7 वर्षों से भारत के प्रधानमंत्री हिन्दू सम्राट नरेन्द्र मोदी हैं। इन वर्षों में भारत के हिन्दुओं में जिस तरह का भय देखने को मिल रहा है वह इसके पहले नहीं था। स्वतंत्रता के बाद हिन्दू-मुसलमानों के बीच ऐसा कोई टकराव नहीं था, जिससे दोनों कौम भय एवं असुरक्षा महसूस करती हो। 2014 के बाद से जिस तरह देश में पानीपत की तीसरी लड़ाई, धारा 370 खत्म करने एनआरसी, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, हिन्दू राष्ट्र में हिन्दू रहेगा।



मुहिम चलने के बाद भी हिन्दू क्यों भयभीत है। इतिहास के मुर्दों को जिंदा करके बदला लेने की प्रवृत्ति ने हिन्दुओं और मुस्मिमों के बीच ध्रवीकरण की आधारशिला बनी। धुवीकरण के कारण वोटों की फसल में बदलाव आया। राजनीति के समीकरण बदले। जातीय समीकरण के स्थान पर हिन्दूमुस्लिम के बीच हुए धुवीकरण ने सत्ता के सारे समीकरण बदल दिए। इस्लामिक आतंकवाद का भय हिन्दुओं के बीच फैलाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा गया। जिसके कारण हिन्दू समाज आज अपने ही देश में भयभीत दिख रहा है। पिछले 4 वर्षों में नोटबंदी, जीएसटी लागू करने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आने लगी थी। रही सही कसर कोरोना वायरस ने पूरी कर दी। पिछले डेढ़ वर्षों में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, अस्पतालों का महंगा इलाज, लाकडाउन के कारण बेरोजगारी, महंगाई इत्यादि ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। पिछले वर्षों में दिल्ली, कर्नाटक,



सनत जैन

छत्तीसगढ़, म.प्र., राजस्थान, झारखंड, बिहार, प. बंगाल इत्यादि राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। केन्द्र सरकार और भाजपा ने अपनी सारी ताकत साम-दाम, दंड-भेद के साथ चुनाव जीतने में लगा दी, किन्तु परिणाम अनुकूल नहीं रहे। पिछले 4 वर्षों में सत्ता के मद में मदमस्त नेताओं ने जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य पदार्थों की महंगाई ने आम आदमी के 2 टाइम का खाना सहज रुप से उपलब्ध हो, यह संभव नहीं हो पा रहा है। भाजपा के नेता इस महंगाई और बेरोजगारी को विकास के लिए जरुरी बताते हुए न्यायसंगत बनाने का प्रयास करते हैं। इससे जनता में नाराजगी है। हिन्दू-मुस्लिम को लेकर पिछले वर्षों में कतिपय संगठनों द्वारा जो मुहिम चलाई जा रही है, उससे जनता भयभीत है। बच्चों एवं परिवार की जरुरतों को पूरा नहीं कर पाने से जनता परेशान है। रोटी, कपड़ा मकान कभी लोगों की पहली प्राथमिकता होती थी। यह प्राथमिकता अब बदल गई है। पिछले 20 वर्षों में जिस तरह से आर्थिक एवं सामाजिक जरुरतों में परिवर्तन आया है। उसमें शिक्षा, खान-पान, परिवहन एवं अन्य खर्चे निम्न एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के कई गुना बढ़ गए हैं। आज पेट्रोल एवं रसोई गैस निम्न एवं मध्यम वगीय परिवार की पहली जरुरत है। बच्चों की शिक्षा और खान-पान का खर्च पिछले वर्षों में कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान स्थिति में आम आदमी महंगाई एवं बेरोजगारी से निराश और नाराज है। जनता सड़कों पर आकर विरोध करने की स्थिति में नहीं है। विपक्षी दल कमजोर है। ट्रेड युनियनों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। सरकार के असंवेदनशील होने से यह गुस्सा अंदर ही अंदर जनता में बढ़ रहा है। भूखे भजन ना होय गोपाला की तर्ज पर हिन्दू-मुस्लिम का धुवीकरण सत्ता को बचाए रख पाएगा, इसमें संदेह है। धारा 370 समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी में लगभग 50 हजार से ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद भी पिछले 2 वर्षों में हिन्दुओं ने घाटी में जाकर जमीन नहीं खरीदी। उद्योग धंधे शुरु नहीं कर पाए। काश्मीरी ब्राह्मण अपने घरों में नहीं जा पाए। केन्द्र शासित प्रदेश होने के बाद भी घाटी के पंडितों की घर वापसी हिन्दू मंदिरों को संवारने एवं पूजा-पाठ का कार्य भी शुरु नहीं हुआ। अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होने के बाद यह माना जा रहा है कि हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण भारत में बढ़ेगा। उ.प्र. का विधानसभा चुनाव एवं 2024 का लोकसभा चुनाव वर्तमान सत्ताधीश आसानी से जीत लेंगे सत्तारुण दल का यह सोचना अपनी जगह सच भी हो सकता है।

## प्रेरणा

# सत्ता और नैतिकता

सत्ता के संचालन में शक्ति की अपेक्षा रहती है या नहीं, यह एक बड़ा प्रश्न है। शक्ति दो प्रकार की होती है- नैतिक शक्ति और उपकरण शक्ति। नैतिक शक्ति के बिना तो व्यक्ति सही ढंग से प्रशासन कर ही नहीं सकता। उपकरण शक्ति का जहां तक प्रश्न है, एक सीमा तक वह भी जरूरी है। किंतु वह शक्ति का एकमात्र तत्व नहीं है। उससे भी अधिक आवश्यक है- बुद्धि, विवेक, साहस और निर्णायक क्षमता। जिस शासक में ये चारो तत्व नहीं होते, वह सही रूप से सत्ता को संचालित नहीं कर सकता। एक शासक के पास बहुत बड़ी सेना हो, शस्त्रों का विशद भंडार हो; पर सही समझ न हो और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता न हो तो शक्ति भी अहितकर बन जाती है। सामान्यत- राष्ट्रीय एवं सामाजिक सत्ता के संचालन में शक्ति तत्व अपेक्षित रहता है, पर वही सब कुछ नहीं है, परम तत्व नहीं है।



अधिकारी व्यक्ति की चरित्रनिष्ठा, जागरूकता और जनता की सहानुभूति का योग होने से ही सत्ता के गलियारों को पार किया जा सकता है। किसी एक तत्व की कमी होते ही प्रशासक विवादों के घेरे में खड़ा हो जाता है। उस समय वह सत्ता का संचालन करता है या सत्ता के द्वारा संचालित होता है, कुछ कहना कठिन है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम और रावण का प्रसंग प्रसिद्ध है। रावण की सत्ता से संसार कांपता था, इधर राम वनवासी थे। उनके पास न वैसी सेना थी, न वैसा शास्त्रबल था। फिर भी उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दे दी। रावण धराशायी हो गया, क्योंकि उसका चरित्रबल क्षीण हो गया, सूझबूझ समाप्त हो गई, सही निर्णय लेने की क्षमता चुक गई और उसने जनता की सहानुभूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के सहारे सत्ता का संचालन होता तो न रावण मारा जाता और न कौरवों को पराजय का मुंह देखना पड़ता। पिछली सदी तक भारत का शासन-सूत्र अंग्रेज संभाल रहे थे, शक्ति की उनके पास कमी नहीं थी। उनके सामने भारत छोड़ने की विवशता शक्ति की कमी से नहीं थी। ये प्रसंग प्रमाणित करते हैं कि प्रबुद्ध जनता केवल शक्ति के आधार पर शासित नहीं हो सकती।

## कार्टून-कोना




## राजकाज

### प्लास्टिक शील्ड कारगर नहीं

कोरोना वायरस से बचने के उपायों के तहत दुनियाभर में प्लास्टिक शील्ड को बैरियर की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। कैशियर को खरीदारों से दूर रखना हो, सैलून या फिर क्लास में छात्रों की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक शील्ड की मदद ली जा रही है। लोगों को लगता है कि प्लास्टिक शील्ड वायरस से सुरक्षा दिलाएगी।

### जलवायु परिवर्तन का खतरा

दुनिया में करीब 100 करोड़ बच्चों पर जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के प्रभाव का खतरा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत समेत 33 देशों के बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है। क्लाइमेट चेंज और प्रदूषण के चलते दुनियाभर में बच्चे जलवायु परिवर्तन के किसी ने किसी प्रभाव से जूझ रहे हैं। वहीं भारत, नाइजीरिया, फिलीपींस और अफ्रीका समेत 33 देशों के बच्चे एक साथ तीन या चार प्रभावों का सामना कर रहे हैं। इन प्रभावों में हीटवेव, बाढ़, चक्रवात, बीमारी, सूखा और वायु प्रदूषण शामिल हैं। इस रिपोर्ट को जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण के प्रभाव, गरीबी, बच्चों को स्वच्छ पानी की पहुंच, स्वास्थ्य और शिक्षा की पहुंच को देखते हुए तैयार किया गया है।

### शादियों का कारोबार बढ़ा

कोरोना महामारी ने अन्य देशों के समान भारत में भी बड़ी संख्या में शादियां टाल दी थीं। वायरस संक्रमण ने आलीशान विवाह समारोहों को प्रभावित किया है। शादियां टलने से केटरर, टेंट हाउस, शादी हॉल, निमंत्रण पत्र की प्रिंटिंग, फूल-माला, बैंड-बाजा से लेकर सभी किस्म के कारोबार पर मार पड़ी है। अब शादियों के तरीके भी बदले हैं। भारत में शादियों का कारोबार बहुत विराट है।

### आपदा में अवसर तलाश रहा चीन

अमेरिका ने अफगानिस्तान में तालिबानी शासन काबिज होते ही उसका फंड फ्रीज कर दिया। आईएमएफ ने भी फंडिंग पर रोक लगा दी। ऐसे में बंदूक की भाषा से समझाने वाला तालिबान खुद मदद की आस लिए घुटनों पर आने लगा है। उसने आर्थिक मदद के लिए चीन से गुहार लगाई है। दूसरी तरफ, अफगानिस्तान की बढ़ती आर्थिक आपदा के बीच चीन भी अपने लिए बड़े मौके की फिराक में है। दोनों पक्षों की आपसी बातचीत इसी ओर इशारा करती है।

## सेहतनामा



# इन बिमारियां में अदरक का सेवन होता है घातक

**ज्यादातर घरों में अदरक रोजाना इस्तेमाल होता है बारिश के मौसम में अदरक की चाय का स्वाद सभी की पसंद रहती है। तासीर गर्म होने के कारण इसका बारिश में ज्यादा किया जाता है। खाने का स्वाद बढ़ाने से लेकर अचार में इस्तेमाल होने वाला अदरक सर्दी खांसी में भी इसका सेवन किया जाता है। आयुर्वेद में भी अदरक की कई खूबियां बताई गई हैं। आप सबने इसके फायदों के बारे में तो बहुत सुना लेकिन कुछ लोगों के लिए यह जहर के रूप में काम करता है।**

सबसे पहले जो लोग अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, उन लोगों को अदरक का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि अदरक भूख कम करता है, जो वजन कम करने में मदद करता है। तो अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं तो इसका सेवन से आप पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

हीमोफीलिया से ग्रसित लोगों के लिए अदरक का सेवन जहर के समान होता है, क्योंकि अदरक खाने से खून पतला होने लगता है, जो उनके शरीर के लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे लोगों को अदरक से कोसों दूर रहना चाहिए।

प्रेग्नेंसी के शुरूआती दौर में महिलाओं के लिए अदरक का सेवन करना अच्छा होता है, क्योंकि यह मॉर्निंग सिकनेस और कमजोरी को दूर करने में मदद करता है। वहीं आखिरी तिमाही महीनों में प्रेग्नेंट महिलाओं को अदरक के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि इसके सेवन से प्रीमेच्योर डिलीवरी और लेबर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

जो लोग नियमित दवाइयों पर रहते हैं, ऐसे लोगों को अदरक खाने से बचाव करना चाहिए। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि दवाइयों में मौजूद ड्रग्स जैसे बेटा-ब्लॉकर्स, एंटीकोगुलेंट्स और इंसुलिन अदरक के साथ मिलकर खतरनाक मिश्रण बनाते हैं, जो शरीर को हानि पहुंचाते है।

## अपनी बात



हाल ही में सुशांत सिंह राजपूत के फैन्स उस समय हैरत में पड़ गए जब उन्होंने एक्टर फेसबुक प्रोफाइल में कुछ बदलाव देखे। दरअसल, फेसबुक अकाउंट की डिस्प्ले पिक्चर बदली हुई नजर आई जिससे उनके फैन्स कंफ्यूज हो गए। डिस्प्ले पिक्चर चेंज होने पर सुशांत के फैन्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, ओह माय गॉड, मैं शॉक हो गया।



ऋतिक रोशन और सैफ अली खान बीते कई दिनों से विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक को लेकर चर्चा में हैं। अब खबर सामने आ रही है कि सैफ और ऋतिक जल्द ही डायरेक्टर की जोड़ी पुष्कर-गायत्री के साथ विक्रम वेधा के हिंदी रीमेक के प्रमुख हिस्सों की शूटिंग के लिए अक्टूबर में सर्बिया जा सकते हैं। यह भी बताया गया है कि सर्बिया के बाद ऋतिक और सैफ शूटिंग के लिए जॉर्जिया जा सकते हैं।

# मंत्री बनने के बाद आज क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद लेंगे वीरेन्द्र कुमार

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर।** केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए क्षेत्रीय सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर आज छतरपुर पहुंच रहे हैं। यात्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत पूर्व मंत्री महेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री श्रीमती ललिता यादव, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया है कि डॉ वीरेंद्र कुमार को केंद्र में कैबिनेट मंत्री बनाकर न केवल प्रधानमंत्री द्वारा हमारे संपूर्ण बुंदेलखंड का बल्कि हमारे छतरपुर जिले का भी मान सम्मान एवं गौरव बढ़ाया गया है। डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा अपने क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद लेने हेतु, जनता के बीच पहुंचकर यह जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है। हरपालपुर रेलवे फाटक से 8:30 बजे जन आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ होकर ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए 12:30 बजे नौगांव नगर में प्रवेश करेगी। इसके पश्चात 2:30 बजे नौगांव नगर से छतरपुर के लिए यात्रा प्रस्थान करेगी। नौगांव से मऊ सहानिया होते हुए 4:30 बजे छतरपुर नगर में जन आशीर्वाद यात्रा प्रवेश करेगी। छतरपुर नगर में भ्रमण के उपरांत रात्रि विश्राम सर्किट हाउस छतरपुर में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार का रहेगा। दिनांक 27 अगस्त को सुबह 8:30 बजे पुनः जन आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ होगी और यह यात्रा ढडारी, ललौली, चौका मातगुवा एवं गुलगंज होते हुए टीकमगढ़ जिले में प्रवेश करेगी।



**हरपालपुर से जिले में प्रवेश करेगी यात्रा, टीकमगढ़ पहुंचेगी**

### कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान-2 के पहले दिन 60 हजार को लगा टीका

# लक्ष्य से कम रहा वैक्सीनेशन, आज लगेगा सेकेण्ड डोज

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

कोरोना वैक्सीनेशन के लिए प्रदेश भर में चलाए जा रहे दो दिवसीय महाअभियान के दूसरे चरण में पहले दिन छतरपुर जिले के 60 हजार से ज्यादा लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य 75 हजार लोगों को पहले दिन टीका लगाने का था लेकिन लक्ष्य से 15 हजार कम लोग ही केन्द्रों तक पहुंचे फिर भी छतरपुर जिले में एक दिन के भीतर टीका लगवाने वालों का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। आज जिले भर के टीकाकरण केन्द्रों पर टीके का दूसरा डोज लगाया जाएगा। इसके लिए 25 हजार डोज जिले में उपलब्ध कराए गए हैं।

**कतारों में लगे लोग, जमकर दिखा उत्साह:** टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में जिले भर में 216 केन्द्र बनाए गए थे। छतरपुर जिला मुख्यालय पर भी आधा दर्जन केन्द्रों पर कोरोना के टीके लगाए गए। सर्वाधिक उत्साह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक पर देखने को मिला जहां बड़ी संख्या में



महिलाएं भी टीका लगवाने के लिए पहुंची। छतरपुर में मतदाता सूची के मुताबिक 100 फीसदी लोग पहले ही टीका लगवा चुके हैं लेकिन अब ऐसे लोग भी टीका लगवाने के लिए आ रहे हैं जो या तो छतरपुर से बाहर निवास करते हैं या फिर किसी अन्य क्षेत्र में उनका नाम दर्ज है। एक्सीलेंस स्कूल में टीका लगवाने पहुंची एक छात्रा सरस्वती पटेल ने कहा कि एक साथ इतने केन्द्रों पर टीके उपलब्ध हैं इसलिए आज आसानी से टीका लग



गया। रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर के पहले सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर टीकाकरण कराने से भविष्य का खतरा कम होगा। यहां टीकाकरण के बाद लोगों के हाथों में स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा टीके के पहले डोज का निशान भी एक ठप्पे के रूप में लगाया गया।

**सेकेण्ड डोज के लिए 70 हजार लोग कर रहे लापरवाही:** जिले में आज कोरोना के टीकाकरण केन्द्रों पर लोगों को दूसरा डोज लगाया जाएगा। को वैक्सीन लगवाने वाले जिन लोगों को पहला टीका 28 दिन पूर्व लगा था वे आज अपना दूसरा टीका लगवा सकते हैं। इसी तरह 84 दिन पूर्व कोवीशील्ड लगवाने लोग आज दूसरा डोज ले सकते हैं। जानकारी के मुताबिक जिले में लगभग 70 हजार लोग ऐसे हैं जिन्होंने पहला टीका लगवाने के बाद दूसरा टीका समय पर नहीं लिया है। आज प्रशासन इन्हीं लोगों को फोकस करते हुए टीके लगवाएगा।

**अब तक हुआ टीकाकरण**

| | |
|---|---|
| जिले में कुल टीकाकरण | 844485 |
| फर्स्ट डोज | 634634 |
| सेकेण्ड डोज | 109851 |

# संगम सेवालय ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

संगम सेवालय के द्वारा आज दीनदयाल रसोई में एक सम्मान समारोह का आयोजन डीआईजी विवेकराज सिंह, समाजसेवी जुगल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विगत दिनों छत्रसाल चौक पर स्थित कृष्णा गोटीराम स्वीट शॉप में लगी आग को बुझाने में सहयोग करने वाले डीएसपी शशांक जैन, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी, सटई थाना प्रभारी प्रदीप सर्राफ का सम्मान किया गया। इस मौके पर वेक्सीनेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली माया अहिरवार, सत्यम तिवारी, और कोरोना काल मे दीन दयाल रसोई की मदद करने वाले अब्दुल हमीद का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजू अवस्थी जी ने और आभार विपिन अवस्थी जी ने किया। कार्यक्रम में डॉ कुसुम कश्यप ,नीलम पांडेय, शंकर लाल सोनी,आनंद अग्रवाल, देवकी नंदन साहू केएन सोमन, महेंद्र गांधी किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष, किशनचंद्र अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नरेंद्र सेन, संगीता अवस्थी, पुष्पेंद्र सेन, अशोक, सेन, दीक्षा,आशा उपस्थित रहीं।

# 27% आरक्षण को लेकर पिछडा वर्ग संगठनों की बैठक एकमत होने के पश्चात, मुख्यमंत्री के साथ होगी

**अतुल्य भास्कर, सागर**

विगत दिवस भोपाल मै पिछड़ा वर्ग के विभिन्न संगठनों की एक बैठक होटल अशोका लेकव्यू में दोपहर मे 2 सत्र में संपन्न हुई। समस्त संगठनों ने भविष्य की रणनीति तय कर तैयार ज्ञापन में पिछड़े वर्ग की विभिन्न मांगों को शासन के सामने प्रस्तुत करने के लिए सभी ने सहमति प्रदान की। मप्र सरकार के निमंत्रण पर पिछड़ा वर्ग के सभी संगठनों के पदाधिकारी चर्चा हेतु सम्मिलित हुए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री निवास पर दौर शाम आयोजित चर्चा बैठक मे नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह पिछड़ा वर्ग विभाग के मंत्री रामखिलावन पटेल पीएचई राज्यमंत्री बृजेंद्र यादव कृषि मंत्री कमल पटेल की उपस्थिति मे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिकार संगठन के संयोजक रमाकांत यादव, महासचिव मदन गोपाल रजक, भोपाल की पूर्व महापौर विभा पटेल ओबीसी यूनाइटेड फ्रंट के राजकुमार सिंह संयुक्त मोर्चा के पूर्व डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह पिछड़ा वर्ग एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रामेश्वर ठाकुर एडवोकेट श्रीसहाय, प्रकाश धाकड़,यश भारती रेलवे एसोसिएशन के पप्पू यादव, संतोष प्रजापति सागर एवं अन्य संगठनो के महत्वपूर्ण गण उपस्थित रहे।

सभी के विचार उद्गार पश्चात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने आश्वासन दिया कि सरकार पिछड़े वर्गों को 27% आरक्षण नौकरियो में देगी। यदि मामला अदालत में जाता है तो सरकार की पूरी कोशिश होगी कि पिछड़े वर्ग का अधिकार उनको मिले। यह भी कहा कि 15 अगस्त 2021 को उन्होंने जो पिछड़ा वर्ग कमीशन बनाने की घोषणा की है वह पिछड़े वर्गों का सामाजिक शैक्षणिक एवं आर्थिक आधार पर सर्वे करायेगा। इस मुद्दे पर रमाकांत यादव ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुये कहा की सर्वे मे आर्थिक आधार की शर्त नहीं होनी चाहिए। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की ओर से तीन मंत्रियों की एक क्वार्डिनेसन कमेटी पिछड़े वर्ग के संगठनों के प्रमुखों से चर्चा करती रहेगी जिसमें आप अपना पक्ष रख सकते हैं।

इस बात को लेकर रमाकांत यादव ने पुन अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारा काम अपने अधिकारों के लिए समाज को जागरूक करना लोगों को वास्तविकता से अवगत कराना अपने हक अधिकार को लेकर सड़कों पर आंदोलन करना और इसके अलावा शासन प्रशासन से संवाद करना भी है क्योंकि लोकतंत्र में बिना संवाद के आगे बढ़ना सही तरीका नहीं है। इसलिए हमने शासन के सामने अपनी बात रखी एवं शासन ने अपनी बात हम सबके सामने रखी है आने वाले समय में यदि शासन सकारात्मक पहल करने में सक्षम या सफल नहीं होता अथवा हमें लगता है कि सही नियत से पिछड़े वर्गों का हित नहीं हो पा रहा है तब आंदोलन की भूमिका हमसे कोई नहीं छीन सकता।

# प्राचीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर तीर्थ के रूप में होगा विकसित: वीडी शर्मा

**अतुल्य भास्कर, खजुराहो।** क्षेत्रीय सांसद तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने प्राचीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हुए अपने दौरे की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मंदिर को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि यहां आने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सके और अन्य तीर्थों की तरह यह भी यात्रा में शामिल हो सके। श्री शर्मा के साथ जिला महामंत्री अरविंद पटैरिया, अरुण अवस्थी पप्पू, समोद शुक्ला, श्यामबाबू त्रिवेदी, भैयाजी अवस्थी, भगवती यादव, प्रकाश पाण्डे, दिनेश गौतम, राधे बाबा, श्रीकांत के अलावा खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल, टीआई जीतेन्द्र पाटकर, बमीठा थाना प्रभारी राजेश बंजारे उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि खजुराहो का मतंगेश्वर महादेव मंदिर 9वीं से 11वीं शताब्दी के बीच निर्मित हुआ है। इस मंदिर में वर्ष भर निःशुल्क प्रवेश रहता है।

# श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय में हुआ शिक्षा नीति पर वेबीनार

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वेबीनार का आयोजन उच्च शिक्षा को बदलना विषय पर आयोजित की गयी जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. एच.के.सिंह प्राध्यापक वाणिज्य विभाग बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, मुख्य अतिथि डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, कुलपति डॉ. अनिल कुमार घगट, कुलसचिव विजय सिंह, उपकुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार दुबे सहित विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र छात्रायें ऑनलाइन शामिल रहे। मुख्य वक्ता डॉ. एच.के.सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कैसे क्रियान्वयन हो पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने अपने आर्शीवचन में आयोजकों और प्रतिभागियों को इस आशय से बधाईयां दी कि वे आगामी समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन सुचारू रूप से अपने विश्वविद्यालय में कर सकेंगे। डॉ. अनिल कुमार धगट ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली भी समृद्ध रही है जिसमें शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक विषयों का समावेश था। वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुये शिक्षा प्रणाली में वदलाव करना शासन ने आवश्यक समझा जिसमें युवाओं को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर उनके अंदर कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर करना है। डॉ. सुप्रिया गौतम ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। ऋषिकांत गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं जैसे पाठ्यक्रम, विकल्प आधारित शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अश्वनी कुमार दुबे उपकुलसचिव ने एवं आभार कुलसचिव विजय सिंह ने व्यक्त किया।

### श्रीमति शशि साहू बनी साहू समाज की जिला महिला अध्यक्ष

**सागर।** म.प्र. साहू तैलिक सभा के प्रदेश अध्यक्ष तारचंद साहू एवं प्रदेश महासचिव



डा.हेमराज साहू, महिला साहू तैलिक सभा की प्रदेश महासचिव श्रीमति आभा साहू ने नरयावली सागर निवासी श्रीमति शशि नंदगोपाल साहू को पिछड़ा वर्ग साहू तैलिक सभा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष घासीराम साहू. साहू तैलिक ,सभा सागर के जिलाध्यक्ष विजय साहू की सहमति से महिला सभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है । शशि साहू की नियुक्ति पर समस्त स्वजातीय बंधुओं ने उन्हे बधाई दी एवं प्रदेश के स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

# सांसद के स्वागत मंच पर करंट लगने से युवक की मौत, मंच के नीचे सो रहा था युवक तभी लगा करंट

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

जिले के गौरिहार में क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा के स्वागत के लिये जल्दीबाजी में मंच सजाया गया था और बिजली के लिए कनेक्शन भी किया गया था। इस कनेक्शन के लिए लगाए गए बिजली के तारों की चपेट में आकर 18 वर्षीय युवक की मौत होने की घटना सामने आई है। गौरतलब है कि सांसद इस मंच पर नहीं पहुंचे क्योंकि अगर अतिथियों की मौजूदगी में करंट फैल जाता तो और भी बड़ा हादसा हो सकता था।





जानकारी के मुताबिक मंगलवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा एक दिवसीय भ्रमण पर थे। उनके कार्यक्रम खजुराहो और चंदला में प्रस्तावित थे लेकिन इसी बीच अचानक उनका गौरिहार जाना तय हो गया। स्थानीय प्रशासन ने आनन-फानन में तैयारी शुरू कर दी। शाम करीब 4 बजे गौरिहार के जनपद कार्यालय में मंच सजाया गया और विद्युत व्यवस्था भी कर दी गई। सांसद श्री शर्मा गौरिहार तो पहुंचे लेकिन मंच पर नहीं गये। उन्होंने कार्यकर्ताओ से मुलाकात की और अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिये रवाना हो गए। टेंट में कार्यरत युवक अरविन्द उर्फ हुक्का अहिरवार 18 वर्ष रात को उसी मंच के नीचे सो गया और इसी दौरान मंच पर करंट फैल गया जिसकी चपेट में आने से अरविंद की मौत हो गई।

# अनपढ़ वृद्ध को गुमराह कर कराई जमीन की रजिस्ट्री





### जालसाजों के खिलाफ कार्यवाही करने एसपी को दिया ज्ञापन

**अतुल्य भास्कर, छतरपुर**

घुवारा तहसील अंतर्गत ग्राम मखनपुरा के रहने वाले कैलाश लोधी पुत्र घंसू लोधी ने एसपी को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि कुछ लोगों ने उनके चाचा की विकलांगता और अनपढ़ होने का लाभ उठाते हुए फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री करा ली है। इन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए और रजिस्ट्री निरस्त की जाए।

कैलाश लोधी ने बताया कि उसके चाचा नकेवल अनपढ़ हैं बल्कि दिव्यांग भी हैं। चाचा से गांव के शिक्षक राममिलन लोधी व नंदकिशोर लोधी पुत्रगण सुखलाल लोधी ने खसरा नंबर 575 में से 20 आरे की रजिस्ट्री करा ली है। कैलाश का आरोप है कि शिक्षक राममिलन लोधी ने उपपंजीयक कार्यालय बिजावर से सांठ-गांठ कर उनके चाचा पुट्टे उर्फ पोटा लोधी पुत्र गनई लोधी से जालसाजी कर जमीन का विक्रय पत्र लेख करा लिया है। खसरा नंबर 208 में से 100 आरे का फर्जी विक्रय पत्र भी कराया गया है। नामांतरण पर रोक लगाकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।

# कोरोना का स्थायी समाधान ही वैक्सीन है: भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया

**अतुल्य भास्कर, सागर**

मध्यप्रदेश में चलाये जा रहे दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाभियान का शुभारंभ आज संपूर्ण मध्यप्रदेश में हुआ जिसमें सागर जिले की बीना विधानसभा के ग्राम पंचायत पड़रई में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने वैक्सीनेशन केन्द्र का शुभारंभ किया। वैक्सीनेशन केन्द्र में वैक्सीनेशन महाभियान के उद्देश्य से साज-सज्जा एवं विशेष तैयारियां की गईं ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीनेशन महाभियान का लाभ ले सकें। इस दौरान वैक्सीनेशन के प्रथम एवं द्वितीय



डोज हेतु पहुंचे लोगों का भाजपा जिला अध्यक्ष सिरोठिया द्वारा सम्मान किया गया साथ ही उनसे अन्य लोगों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करने की अपील की साथ ही उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मंशानुसार सागर जिले में भाजपा के प्रशिक्षित स्वास्थ्य स्वयंसेवी वैक्सीनेशन महाभियान में महती भूमिका निभा रहे है। जो प्रत्येक बूथ स्तर पर पहुंचकर लोगों को वैक्सीनेशन हेतु लगातार प्रेरित कर रहे है। ताकि अधिक से अधिक लोग वैक्सीनेशन करा सकें एवं संभावित कोरोना की तीसरी लहर से स्वयं को परिवार को व समाज को इस महामारी से सुरक्षित कर सकें। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने बीना विधानसभा के विभिन्न वैक्सीनेशन केन्द्रो में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सरपंच योगेश दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील समैया, शुभम तिवारी, अखलेश तिवारी, विक्की राय, कपिल राजपूत, अमित कटारे, विशाल राज, आशीष दीक्षित सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

# बढ़ रहे हैं अपराध, शिवराज सरकार भरोसे लायक नहीं: पूर्व मंत्री चौधरी

**अतुल्य भास्कर, सागर**

जिले में लगातार हो रही घटनाओं तथा बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह से मुलाकात कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिले में बढ़ते अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग उठाई। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि शिवराज सरकार की पुलिस भरोसे लायक नहीं है। यह बात हम नहीं माननीय सर्वोच्च





न्यायालय ने विगत दिनों थाना मोती नगर अंतर्गत सहोदरा बाई के मामले में फैसला सुनाते हुए पुलिस विवेचना को दूषित माना है। जिसमें गवाह को ही आरोपी बना दिया गया था। इसमें आरोपियों पर भी कार्यवाही नहीं होने से अन्य प्रकरणों में लोगों के मन में आशंका उत्पन्न होना स्वाभाविक है। यही नही थाना बंडा जिला सागर अंतर्गत माननीय न्यायालय ने पुलिस की विवेचना को दूषित करार दिया था। उन्होंने कहा कि गत 18 अगस्त को थाना सानोधा अंतर्गत भैंसवाही निवासी स्व. राजेश की हुई हत्या तथा दिनांक 23 अगस्त को थाना मोती नगर अंतर्गत ग्राम पामाखेड़ी निवासी स्व. केसराम अहिरवार की कटर मारने से हुई हत्या एवं खुरई रोड स्थित शास.आई.टी.आई के सामने स्थित होटल में स्व. अखिलेश पिता जीवन लाल मीणा की मौत की घटना घटित हुई है। साथ ही 16 अगस्त को राष्ट्रध्वज के अपमान की शिकायतकर्ता युवक के पिता की हत्या हो जाने की घटना के साथ ही गत 24 अगस्त को बीना के नानक वार्ड निवासी स्व. नरेन्द्र पिता रामप्रसाद अहिरवार का पेड़ से लटका आठ दिन पुराना शव मिलने की घटना घटित हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में पिछले एक सप्ताह मे हत्या, आत्महत्या, आदि अन्य कारणों से हुई मौतों के मामलों को रोक पाने में पुलिस विफल रही हैं।

# शालिनी पांडे ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर किया खुलासा



रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म जयेशभाई जोरदार से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार शालिनी पांडे का कहना है कि उन्हें हमेशा अपनी फीजिक पर भरोसा रहा है और उन्होंने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया कि लोग क्या कह रहे है। अर्जुन रेड्डी में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाने वाली शालिनी का कहना है कि उन्होंने कभी भी उद्योग के लिए एक निश्चित रास्ता देखने का दबाव महसूस नहीं किया। उसने कहा कि मुझे हमेशा से अपनी फीजिक पर भरोसा रहा है और मैंने वास्तव में इस पर कभी ध्यान नहीं दिया कि लोग इसके बारे में क्या कह रहे हैं। मैं शारीरिक रूप से जिस भी चरण में थी, उससे प्यार करती थी और वास्तव में एक निश्चित शरीर के प्रकार के लिए खुद पर दबाव नहीं डालती थी। वह मानती हैं कि महिलाओं की बेवजह स्क्रूटनी की जाती है कि वे कैसी दिखती हैं। शालिनी ने कहा कि मुझे लगता है कि शारीरिक रूप से एक निश्चित तरीके से महिलाओं पर बहुत दबाव होता है और यह सही नहीं है। इसलिए, मैं वास्तव में इसे एक परिवर्तन के रूप में नहीं देखती हूं। मैं इसे एक ऐसे चरण के रूप में देखती हूं जिसे मैंने कैसे हासिल किया है। हालांकि, मैं इस बात से खुश हूं कि मैं अभी जैसी दिख रही हूं और अपने दिमाग में भी अच्छा महसूस कर रही हूं। उन्होंने साझा किया कि वह जीवन भर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रही है। अपने वजन घटाने के बारे में बात करते हुए, शालिनी ने कहा कि वजन घटाने के लिए, मुझे एक भोजन योजना मिली और सौभाग्य से मैं एक ऐसी फिल्म कर रही थी जिसके लिए भारी मात्रा में डांस रिहर्सल की आवश्यकता थी जिससे मेरा वजन कम हुआ।

# पति रणवीर सिंह के बराबर फीस मांगने पर बैजू बावरा से बाहर हुई दीपिका



संजय लीला भंसाली फिल्म बैजू बावरा को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। रणवीर के इस फिल्म में शामिल होने की पुष्टि भंसाली ने भी की थी। हाल में ऐसे कयास लगाए गए थे कि फिल्म में दीपिका पादुकोण शामिल हो सकती हैं। खबरों की मानें तो पति रणवीर के समान फीस मांगने के कारण भंसाली की बैजू बावरा से दीपिका बाहर हो गई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अपने पति रणवीर के समान फीस मांगने के कारण भंसाली की बैजू बावरा के प्रोजेक्ट से दीपिका बाहर हो चुकी हैं। एक सूत्र ने कहा, जाहिर तौर पर दीपिका ने अपने पति रणवीर के बराबर ही फीस की डिमांड की थी। न एक पैसा अधिक और न ही एक पैसा कम। दीपिका की इस मांग को भंसाली ने खारिज कर दिया, जिसके चलते अब वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी।

यदि दीपिका इस फिल्म में शामिल हो जातीं तो, यह उनकी रणवीर के साथ राम लीला, बाजी राव मस्तानी और पद्मावत के बाद चौथी फिल्म होती। इस फिल्म में दीपिका रणवीर के अपोजिट भूमिका में दिखने वाली थीं। भंसाली प्रोडक्शन के एक करीबी सूत्र ने कहा, एक तरह से यह बेहतर ही हुआ है। भंसाली की रणवीर और दीपिका के साथ लगातार चार फिल्में हो जाती, जो अपने आप में अधिक हो जाती। क्या आपको नहीं लगता?

इस फिल्म की कहानी 1952 में आई क्लासिक फिल्म बैजू बावरा पर आधारित होगी। बैजू बावरा एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विजय भट्ट ने किया था। यह फिल्म 1952 में रिलीज हुई थी और इसमें मीना कुमारी और भारत भूषण जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक संगीतकार के जीवन पर आधारित है, जो अपने पिता की मृत्यु का बदला अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन से लेता है।

फिल्म 83 में दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देव की भूमिका में नजर आएंगी। उनके पति रणवीर सिंह फिल्म में कपिल देव की भूमिका में दिखने वाले हैं। इसके अलावा दीपिका मधु मंटेना की फिल्म महाभारत में द्रौपदी की भूमिका में नजर आ सकती हैं। वह शकुन बत्रा की आगामी फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के साथ द इंटर्न की हिन्दी रीमेक में भी अभिनय करती दिखेंगी।

# टाइगर के साथ अक्टूबर से गणपत की शूटिंग शुरू करेंगी कृति सैनन



कृति सैनन हाल ही में सरोगेसी पर आधारित फिल्म मिमी में नजर आईं। हालांकि, उनकी इस फिल्म को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली और ना ही कृति ने अपने काम से दर्शकों से वाहवाही बटोरी। गणपत कृति की आगामी चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में एक बार फिर उनकी जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है। हाल ही में कृति ने टाइगर और फिल्म की शूटिंग को लेकर बातचीत की।

कृति ने कहा, फिलहाल मैं यह तो नहीं बता सकती कि हम कौन सी तारीख से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे, लेकिन अक्टूबर में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया, मैंने फिल्म में एक्शन करने के लिए कमर कस ली है। मैं इस फिल्म को लेकर बेहद रोमांचित हूं, क्योंकि मैं टाइगर श्रॉफ जैसे अभिनेता के साथ फिल्म में एक्शन करने जा रही हूं। मुझे यकीन है कि वह एक्शन करने में मेरी पूरी मदद करेंगे।

कृति ने फिल्म हीरोपंती से टाइगर के साथ बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने कहा, टाइगर और मेरे बीच ऐसी दोस्ती नहीं है कि हम हर दूसरे दिन एक-दूसरे से मिलते हों या बात करते हों, लेकिन हम दोनों के बीच एक खास बॉन्डिंग है। उन्होंने कहा, एक एक्टर के तौर पर टाइगर को आगे बढ़ते देख मुझे बहुत खुशी होती है। वह मेरे पहले को-स्टार हैं और हमेशा मेरे लिए खास रहेंगे।

कृति ने कहा, मैं फिल्म में अभी अपनी भूमिका के बारे में तो नहीं बता सकती, लेकिन यह जरूर कहूंगी कि आप पहली बार मुझे पर्दे पर एक्शन करते हुए देखेंगे। आपने इस फिल्म का पोस्टर देखा होगा, जिसमें मैं डर्ट बाइक पर बैठी हुई थी। उन्होंने कहा, फिल्म में आपको मैं बाइक की सवारी करते हुए धुआंदार एक्शन सीन करती दिखूंगी। इसके लिए जल्द ही मुझे डर्ट बाइकिंग की ट्रेनिंग लेनी है ताकि टाइगर के आसपास फटक सकूं।

# अंधे व्यक्ति की भूमिका निभाना वास्तव में फायदेमंद रहा : विजयेंद्र कुमेरिया



आपकी नजरों ने समझा शो में वर्तमान में दर्श रावल के रूप में नजर आ रहे अभिनेता विजयेंद्र कुमेरिया दर्शकों की ओर से मिल रही प्रतिक्रिया से बेहद उत्साहित हैं। विजयेंद्र का कहना है कि दर्श के चरित्र ने उनके करियर प्रोफाइल में इजाफा किया है और उनके लिए एक अंधे व्यक्ति की भूमिका निभाना वास्तव में फायदेमंद रहा है। विजयेंद्र कहते हैं, अब मैं एक सामान्य आदमी की भूमिका निभा रहा हूं, कहानी विकसित हुई है और दर्शकों को नया ट्रैक पसंद है। यह पूछे जाने पर कि नए सामान्य दिनों में शूट करना कैसा बीत रहा है, वे कहते हैं, नए सामान्य में रहना जीवन का एक तरीका है, शूटिंग शेड्यूल जल्दी रहते हैं और वे समय पर समाप्त भी हो जाते हैं। शूटिंग के बाद मुझे अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिल रहा है, समय प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है और मैं एक समय में एक दिन जीवन जीने में विश्वास करता हूं। शो की शुरूआत एक नेत्रहीन फोटोग्राफर दर्श रावल और एक साधारण, निस्वार्थ लड़की नंदिनी की प्रेम कहानी से हुई। अब आपसी मतभेदों के कारण उनके बीच चीजें बदल गई हैं। शो उड़ान में अपनी भूमिका के लिए पहचाने जाने वाले 34 वर्षीय अभिनेता ने सह-कलाकार नारायणी शास्त्री, जो उनकी मां की भूमिका निभा रहीं हैं और ऋचा राठौर, जो उनकी पत्नी नंदिनी की भूमिका निभा रहीं हैं, के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में भी साझा किया।



# अनुप्रिया गोयनका ने शुरू की असुर 2 की शूटिंग

अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका ने वेब सीरीज असुर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेत्री लंबे समय के बाद मुंबई से बाहर कदम रखेंगी, क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए कलाकारों को अलग-अलग स्थानों पर शूटिंग की आवश्यकता है। अभिनेत्री एक बार फिर यात्रा करने के लिए रोमांचित है। महामारी के कारण एहतियात के तौर पर पूरी एंटरनेटमेंट इंडस्ट्री पर प्रभाव पड़ा है और इसकी वजह से उद्योग लगभग ठप पड़ गया है। हाल ही में शूटिंग फिर से शुरू हुई है और अनुप्रिया इससे खुश हैं। एक्ट्रेस पहले नई दिल्ली और फिर मनाली शूटिंग के लिए जाएंगी।

अनुप्रिया ने बताया, मैं काम पर वापस आने के इस चरण का आनंद ले रही हूं। हम सभी डेढ़ साल से अधिक समय से अपने घरों में बंद थे। अब जब हमें बाहर जाने और काम करने के लिए राहत मिली है, तो मैं इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रही हूं। शुक्र है कि अब बहुत सारी यात्रा होने वाली हैं और मैं इसके लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि यह बहुत अच्छा समय होगा, क्योंकि मैं कैमरों के सामने वापस आऊंगी, जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है।

अभिनेत्री, जो बाद में एक अज्ञात प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए वाराणसी भी जाएंगी, खुद को और सभी को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति सचेत हैं।

उन्होंने कहा, इस नए सामान्य दिनों में सावधानियां बहुत जरूरी हैं। मुझे हर समय एक मास्क पहनना पड़ता है। केवल जब मैं शॉट दे रही होती हूं तो मास्क हटा देती हूं। जैसे ही निर्देशक कट कहते हैं, कलाकारों में हर कोई है फिर से अपने मास्क लगा लेता है।

# डिनो मोरिया हेलमेट के साथ बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित




सुपरमॉडल से अभिनेता बने डिनो मोरिया आगामी कंडोम-कॉमेडी हेलमेट के साथ एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत कर रहे हैं और उनका कहना है कि यह फिल्म एक मधुर सामाजिक संदेश के साथ बनाई गई है। डिनो ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है जिसे एक मधुर संदेश के साथ हास्य की भावना के साथ बनाया गया है। मैं अद्भुत प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी, मेरे निर्देशक सतराम की ताजा कहानी और मनोरंजन और एक निश्चित बुद्धिमान संवेदनशीलता दोनों को लेकर भी उत्साहित हूं। एक साथ मिलें। रोहन शंकर के संवाद आपको जोर से हंसाएंगे।

फिल्म का ट्रेलर बुधवार को जारी किया गया और इसमें शामिल हैं- प्रनूतन बहल, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और आशीष वर्मा।

फिल्म डिनो मोरिया द्वारा निर्मित और डेब्यूटेंट सतराम रमानी द्वारा निर्देशित है।

हेलमेट एक व्यंग्यात्मक कॉमेडी फिल्म है जो कंडोम के उपयोग के बारे में बात करती है और उन लोगों के क्षेत्र की खोज करती है जो दुकानों से कंडोम खरीदने में संकोच करते हैं या डरते हैं कि समाज उनके बारे में क्या सोचेगा।

ओटीटी प्लेटफॉर्म जीईई5 पर फिल्म के रिलीज होने पर, जीईई5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मनीष कालरा ने कहा, हमें हेलमेट जैसी फिल्म पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो न केवल मनोरंजक है, बल्कि इससे एक मजबूत संदेश भी जुड़ा है। के माध्यम से नायक की यात्रा, यह उस समस्या को उजागर करती है, जिसका इस समय हमारा देश सामना कर रहा है और एक अनोखे और दिलचस्प तरीके से समाधान देने की कोशिश करता है। हमें यकीन है कि दर्शकों को बहुत हंसी आएगी, लेकिन उस समग्र उद्देश्य पर भी ध्यान दें, जिसका हम लक्ष्य रखते हैं।

सतराम रमानी के निर्देशन में बनी हेलमेट 3 सितंबर को रिलीज होगी।

# द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक में ऋतिक के साथ दिखेंगी साउथ अभिनेत्री नाभा नतेश





वेब सीरीज द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक को लेकर काफी समय से ऋतिक रोशन सुर्खियों में बने हुए हैं। फेमस नॉवेल द नाइट मैनेजर पर बनी इस सीरीज को ब्रिटिश टेलीविजन की टॉप सीरीज में से एक माना जाता है। इसकी सफलता को भुनाने के लिए ही मेकर्स इसके हिन्दी वर्जन को लाने की तैयारी में जुटे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि साउथ की चर्चित अभिनेत्री नाभा नतेश इस सीरीज में ऋतिक के अपोजिट नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारतीय अभिनेत्री नाभा को इस सीरीज में ऋतिक के अपोजिट भूमिका के लिए अप्रोच किया गया है। इस संबंध में अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। साउथ की फिल्मों में इस अभिनेत्री की अच्छी-खासी लोकप्रियता है। नाभा ने साउथ अभिनेता सुधीर बाबू के साथ नन्नू दोचुकुंदुवटे से साउथ की फिल्मों में अपना पदार्पण किया था। उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में अपने अभिनय के बदौलत खुद की पहचान बनाई है।

इस सीरीज के साथ ऋतिक भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे। द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक में खलनायक की भूमिका के लिए मनोज बाजपेयी को अप्रोच किया गया था। हालांकि, उन्होंने इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया था। वह इस प्रोजेक्ट में ऋतिक के अपोजिट भूमिका में दिखने वाले थे। खबरों की मानें तो डेट्स की इश्यू को लेकर मनोज ने ऐसा फैसला लिया था। उन्हें आर्म्स डीलर रिचर्ड रोपर की भूमिका के लिए अप्रोच किया गया था। सीरीज की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। यह सबकुछ देश में कोरोना वायरस के मौजूदा हालात पर निर्भर करेगा। ऋतिक के अन्य प्रोजेक्ट के शेड्यूल पर भी सीरीज का आगामी शेड्यूल निर्भर करेगा। इस सीरीज का निर्माण प्रॉडक्शन हाउस बनिजय एशिया द्वारा किया जाएगा। खबरों की मानें तो इस सीरीज का भारतीय संस्करण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित हो सकता है। सीरीज में ऋतिक टॉम हिडलेस्टन के किरदार को निभाते हुए दिखेंगे। इस सीरीज में हिडलेस्टन, ह्यूज लॉरी, ओलिविया कोलमैन और एलिजाबेथ डेबिकी अहम किरदार में नजर आए थे। इस टीवी सीरीज का प्रसारण 2016 में किया गया था। यह सीरीज ब्रिटिश लेखक जॉन ले कार्रे के उपन्यास पर आधारित है। इस सीरीज में जासूसी के कई रहस्यों को फिल्माया गया है। इस सीरीज के हिन्दी रूपांतरण को संदीप मोदी निर्देशित करेंगे। उन्होंने इससे पहले हिट सीरीज आर्या का सह-निर्माण और सह-निर्देशन किया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित मिश्रा द्वारा बालाजी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 3, लिंक रोड नं. 3, नेशनल प्रेस एरिया, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल (म.प्र.) से मुदित एवं मिश्रा भवन पुलिस चौकी के सामने शनीचरी सागर (म.प्र.) 470-002 से प्रकाशित
संपादक- अंकित मिश्रा, मो. 9111171095 I समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकारी सागर न्यायालय का रहेगा। आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन क्रमांक MPHIN/2017/75816

## राष्ट्रपति कोविंद 26 अगस्त से उप्र दौरे पर, रामलला के करेंगे दर्शन

**लखनऊ।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक बार फिर यूपी के दौरे पर आ रहे हैं। 2 महीने के भीतर ये उनकी लखनऊ की दूसरी यात्रा है। राष्ट्रपति अब 26 अगस्त से उत्तर प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। जिसमें वह लखनऊ, गोरखपुर और अयोध्या में होने वाले तमाम कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। राष्ट्रपति कोविंद 26 अगस्त को विशेष विमान के जरिए दिल्ली से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरेंगे। जहां से वह बाबा भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। 27 अगस्त को लखनऊ में सैनिक स्कूल की हीरक जयंती वर्ष पर पोस्टल स्टैंप का विमोचन करेंगे। साथ ही स्कूल के 1 हजार क्षमता वाले ऑडिटोरियम का लोकार्पण करेंगे।

## शिक्षकों को टीकाकरण में प्राथमिकता देने के लिए पीएम का शुक्रिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने स्कूलों के शिक्षकों को टीकाकरण में प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट कर कहा कि यह कदम महामारी के कारण बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधाओं को दूर करने में निर्णायक साबित होगा ।केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने ट्वीट किया,आगामी शिक्षक दिवस, 5 सितंबर से पहले सभी स्कूलों के शिक्षकों को टीकाकरण में प्राथमिकता देने के लिए हर महीने राज्यों को मिलने वाले टीकों के अलावा अतिरिक्त 2 करोड़ टीके उपलब्ध कराने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

## भारत स्वच्छ ऊर्जा पर अमेरिका के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत-अमेरिका जलवायु एवं स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी के तहत जलवायु कार्रवाई एवं वित्तीय संग्रहण संवाद यानी क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइजेशन डॉयलॉग (सीएएफएमडी) ट्रैक और अन्य संबंधित मुद्दों पर अमेरिका के राष्ट्रपति के विशेष दूत (एसपीईसी) श्री जॉन केरी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। भारत और अमेरिका इस बात पर सहमत हुए कि दोनों पक्ष, भारत-अमेरिका जलवायु एवं स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी के तहत एक रचनात्मक जुड़ाव के लिए काम करेंगे ।पर्यावरण मंत्री ने कहा कि ये मंच जलवायु कार्रवाइयों के लिए एक साथ काम करने के अधिक अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत स्वच्छ ऊर्जा पर अमेरिका के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय की ई-संजीवनी सेवा ने 1 करोड़ परामर्श पूरे किए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा ई-संजीवनी तेजी से देश की सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी टेलीमेडिसिन सेवा बन गई है। ई-संजीवनी को पूरे देश में रोगियों के साथ-साथ डॉक्टरों और विशेषज्ञों द्वारा बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है। राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा ने रिकॉर्ड समय में पूरे भारत में 1 करोड़ (यानी 10 मिलियन) से अधिक टेली-परामर्श दिया है। देश भर में रोगियों, डॉक्टरों और विशेषज्ञों द्वारा टेलीमेडिसिन सेवा ई-संजीवनी को तेजी से अपनाया गया है। इसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि इस सेवा के इस्तेमाल में पिछले 10 महीनों में 1000त्न से अधिक की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा के जरिये सितंबर, 2020 में 160,807 रोगियों को टेली-परामर्श दिया था।

## देश की सबसे कम आयु की पायलट बने सूरत की बेटी

**सूरत।** शहर की 19 वर्षीय युवती ने छोटी आयु में पायलट बनकर सूरत समेत गुजरात का नाम रोशन किया है। मैत्री पटेल नामक युवती ने अमेरिका में 11 महीने का प्रशिक्षण पूर्ण कर कॉमर्शियल पालट का लाइसंस प्राप्त किया है। सूरत के घोडदोड क्षेत्र में रहनेवाली मैत्री के पिता कांतिलाल किसान हैं और माता महानगर पालिका में सेवारत हैं। कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मैत्री पटेल पायलट के प्रशिक्षण के लिए अमेरिका गई थी। आम तौर पर विमान चलाने के लिए 18 महीने का प्रशिक्षण होता है। लेकिन बचपन से पायलट बनने की मजबूत इच्छा रखने वाली मैत्री पटेल ने 11 महीने में ही कॉमर्शियल विमान उड़ाना सीख लिया और अमेरिका ने उसे इसका लाइसंस भी दे दिया। पायलट बनकर सूरत लौटी मैत्री पटेल ने बताया कि भारत में सबसे अधिक महिला पायलट हैं और मैं भी उनमें शामिल होना चाहती हूं। जल्द ही मैं कैप्टन बनने का भी सपना पूरा करूंगी। मैत्री ने बताया कि सूरत से दिल्ली के बीच शुरू हुई पहली फ्लाइट में यात्रा के दौरान पिता ने मुझसे पायलट बनने को कहा था।

### पंजाब कांग्रेस प्रभारी व बागी धड़े की बैठक खत्म, हरीश रावत बोले

# कैप्टन सरकार को कोई खतरा नहीं अगला चुनाव अमरिंदर के नेतृत्व में लड़ेंगे

### सिद्धू को सलाहकार काबू में रखने को कहा, मंत्री व विधायक चंडीगढ़ लौट रहे

जालंधर ■ एजेंसी



पंजाब कांग्रेस के इंचार्ज हरीश रावत ने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुवाई में ही लड़े जाएंगे। ष्टरूचेहरा बदलने की मांग करने वालों को झटका देते हुए रावत ने कहा कि बार-बार इस बात को दोहराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब में सरकार को कोई खतरा नहीं है, लेकिन सरकार के राज्य व जिला स्तर पर कामकाज को लेकर कुछ चिंताएं जरूर हैं। बागी मंत्रियों व विधायकों से मैराथन बैठक के बाद रावत ने कहा कि उन्हें कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई गई हैं जिन्हें लेकर वो कांग्रेस हाईकमान से मिलने जाएंगे। रावत ने कैप्टन अमरिंदर सिंह से भी इस दौरान फोन पर बात की। रावत ने यह भी कहा कि सलाहकारों की पार्टी व देश विरोधी बयानबाजी को लेकर कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू को उन्हें काबू में रखने को कहा गया है। बैठक खत्म होने के बाद मीडिया से बातचीत में रावत ने कहा कि पंजाब के कुछ मंत्री व विधायक उनसे मिलने आए थे। उन्होंने अगले साल पंजाब में पार्टी की जीत की संभावना को लेकर चिंताएं जताई हैं। बागियों ने यह भी कहा कि उनका किसी व्यक्ति से विरोध नहीं है। उन्होंने राज्य व जिला प्रशासन के कामकाज को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। इसके अलावा उन्होंने भी पार्टी की एकता के लिए हाईकमान पर भरोसा जताया है। मंत्रियों व विधायकों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर रावत ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं होगा। नाराज होने पर कोई घर नहीं छोड़ता। रावत ने सिद्धू के सलाहकारों से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनसे कांग्रेस का कोई लेना-देना नहीं है। अगर उनके बयानों से कांग्रेस पार्टी व देश की भावनाओं को नुकसान होता है तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। इस बारे में नवजोत सिद्धू को भी कह दिया गया है कि वो उन्हें काबू में रखें। मीटिंग में पंजाब से 4 मंत्री तृप्त राजिंदर बाजवा, सुखजिंदर रंधावा, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखबिंदर सिंह सुख सरकारिया और 3 विधायक बरिंदरमीत पहाड़ा, कुलबीर जीरा और सुरिंदर धिमान शामिल थे। मंत्री चरनजीत चन्नी ने कहा कि हरीश रावत के साथ अच्छे माहौल में बातचीत हुई है। उन्होंने ध्यान से हमारी बातें सुनी हैं और हाईकमान तक पहुंचाने का भरोसा दिया है। हम इस पर हाईकमान के फैसले का इंतजार करेंगे। जरूरत पड़ी या हमें बुलाया गया तो हम दिल्ली भी जाएंगे। उन्होंने कहा कि तब तक पार्टी के लिए सब एकजुट होकर काम करेंगे। चन्नी ने इतना जरूर कहा कि वो अपने पुराने रुख पर भी कायम रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब वो पंजाब लौट रहे हैं। पहले उनके यहां से दिल्ली जाने की बात कही जा रही थी। इससे पहले बुधवार सुबह देहरादून रवानगी के वक्त मंत्री सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि पंजाब में ष्टरूबदलने के एक महीने के भीतर वो कांग्रेस की छवि सुधार देंगे।

### 26 अप्रैल को ही हो गया था विवाद

मंत्री सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि मैंने और तत्कालीन पंजाब प्रधान सुनील जाखड़ ने 26 अप्रैल की कैबिनेट मीटिंग में ही बेअदबी, नशा और अन्य मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की थी। विवाद तो उसी वक्त शुरू हो गया था। कैप्टन को हटाने के बाद पंजाब में पार्टी को नुकसान के सवाल पर रंधावा ने कहा कि एक महीने में कांग्रेस की छवि सुधर जाएगी।

### कुछ विधायकों के पल्ला झाड़ने पर रंधावा बोले- कुछ बैठक में नहीं थे

कैप्टन का तख्तापलट करने के लिए मंत्री तृप्त राजिंदर बाजवा के घर बैठक के बाद देर रात 7 विधायक इससे मुकर गए। इनमें कुलदीप वैद, दलवीर गोल्डी, संतोख सिंह भलाईपुर, अंगद सिंह, राजा वड़िंग, गुरकीरत कोटली व पूर्व विधायक अजीत सिंह मोफर शामिल हैं। मंत्री सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि भलाईपुर बैठक में ही नहीं थे। बाकी से मीडिया खुद पूछ ले।

### मंत्री बाजवा के तीखे तेवर, कैप्टन अकालियों के साथ मिले हुए हैं

मंत्री तृप्त राजिंदर बाजवा ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह अकालियों के साथ मिले हुए हैं। हम कितनी देर देखते रहेंगे। हम हाईकमान से कैप्टन को बदलने की मांग करेंगे। कैप्टन कांग्रेस को मरवाने की साजिश कर रहे हैं।

### सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने कहा

## अफगानिस्तान पर कब्जे की रफ्तार से हम भी हैरान

नई दिल्ली ■ एजेंसी



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के मुताबिक, तालिबान ने जिस तेजी से अफगानिस्तान पर कब्जा किया उससे भारत भी हैरान है। बुधवार को एक प्रोग्राम के दौरान जनरल रावत ने माना कि भारत को भी यह आशंका थी कि तालिबान एक दिन अफगानिस्तान पर काबिज हो जाएगा, लेकिन यह सब इतनी तेजी से हो जाएगा, यह नहीं सोचा था। उनके मुताबिक, 20 साल बाद भी तालिबान बिल्कुल नहीं बदला है। दिल्ली में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के कार्यक्रम में जनरल रावत के साथ स्र इंडो-पैसेफिक कमांड के एडमिरल जॉन अक्विलिनो भी शामिल हुए। दोनों अफसरों ने अफगानिस्तान और रीजनल सिक्योरिटी से जुड़े अहम सवालों के जवाब दिए। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे और इसके भारत पर संभावित असर का जिक्र करते हुए जनरल रावत ने कहा- अगर तालिबान के कंट्रोल वाले अफगानिस्तान से भारत की तरफ किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियां हुईं तो हम तेजी और सख्ती से कार्रवाई करेंगे। क्वॉड देशों को भी ग्लोबल टेरेरिज्म से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाना होगा। क्वॉड चार देशों का संगठन है। इसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

### भारत के सामने चैलेंज

एडमिरल अक्विलिनो ने चीन का नाम लिए बिना माना कि भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चैलेंज का सामना कर रहा है और दक्षिण चीन सागर में भी कई चुनौतियां हैं। उन्होंने फ्री नेविगेशन पर जोर दिया। हॉन्गकॉन्ग में चीन के रवैये पर भी एडमिरल जॉन ने चिंता जताई। वहीं, जनरल रावत ने कहा कि भारत इस क्षेत्र को आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा- भारत को आशंका है कि अफगानिस्तान के हालात का असर हमारे देश पर भी पड़ सकता है, और भारत इससे निपटने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है।

### नहीं बदला तालिबान

एक सवाल के जवाब में रावत ने कहा- तालिबान 20 साल बाद भी बिल्कुल नहीं बदला है, उनके पार्टनर जरूर बदल दिए हैं। ये वही तालिबान है जो 20 साल पहले था, अब नए सहयोगियों के साथ सामने आया है। रावत का इशारा उन रिपोर्ट्स की पुष्टि माना जा सकता है जिनमें कहा गया है कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद अफगानिस्तान में तालिबान की मदद कर रहे हैं।

### अब भी पूरा नहीं हुआ है पुलवामा का बदला

## जिंदा है आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता समीर डार

मुंबई ■ एजेंसी



जिस पुलवामा आतंकी हमले से पूरा देश सहम उठा था, उसका मुख्य साजिशकर्ता समीर डार अभी मरा नहीं है। 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के आरोपियों में से एक आतंकी समीर अहमद डार जिंदा है और घाटी में आतंकी संगठन की गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के लोगों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले माना जाता रहा है कि आतंकी समीर अहमद डार जैश-ए-मोहम्मद कमांडर मोहम्मद इस्माइल अल्वी उर्फ लम्बू के साथ 31 जुलाई को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के लोगों ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया है कि अब यह सामने आया है कि जुलाई के ऑपरेशन में आतंकी लम्बू ( जैश सरगना मौलाना मसूद अजहर का एक रिश्तेदार) के साथ मारा गया दूसरा आतंकवादी समीर अहमद डार नहीं बल्कि एक पाकिस्तानी नागरिक था, जिसकी पहचान होनी बाकी है। गौरतलब है कि जुलाई महीने में पुलवामा के नागबेरन-तरसर वन क्षेत्र में मेजर जनरल रशीम बाली के नेतृत्व में आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में आतंकी लंबू मारा गया था। इसी दौरान यह भी बताया गया था कि आतंकी समीर डारा भी मारा गया।

## कोर्ट के बाहर आत्मदाह की कोशिश करने वाली महिला की मौत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह की कोशिश करने वाली महिला की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. 24 वर्षीय महिला के दोस्त की भी जलने के कारण 21 अगस्त को मौत हो गई थी.16 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के बाहर एक दोस्त के साथ खुद को आग लगाने वाली 24 वर्षीय महिला ने मंगलवार को दम तोड़ दिया. दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक 27 वर्षीय व्यक्ति की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई थी. दोनों ने आत्मदाह की कोशिश के पहले फेसबुक लाइव भी किया था. 85 फीसदी से अधिक जली महिला का इलाज दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा था. महिला ने घोसी से बहुजन समाज पार्टी के सांसद अतुल राय के खिलाफ रेप का आरोप लगाया था.

### हाई कोर्ट में बैकफुट पर आई उद्धव सरकार, कहा

## केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के खिलाफ नहीं लेंगे कोई एक्शन

मुंबई ■ एजेंसी



केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नारायण राणे की गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र की उद्धव सरकार बॉम्बे हाई कोर्ट में बैकफुट पर आ गई है। उद्धव सरकार ने बुधवार को हाई कोर्ट को बताया कि राणे के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार ने कोर्ट से कहा कि वो राणे के खिलाफ नासिक साइबर पुलिस में दर्ज प्राथमिक को लेकर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। बता दें कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान देने को लेकर पुलिस ने मंगलवार को नारायण राणे को गिरफ्तार कर ली थी। हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख तय की है। वहीं, बीजेपी नेता नारायण राणे ने मुंबई में कहा कि बॉम्बे हाई कोर्ट में मेरे खिलाफ दायर सभी मामलों में फैसला मेरे पक्ष में आया है। यह इस बात का संकेत है कि देश कानून से चलता है। राणे ने कहा कि मेरी पार्टी के नेता मेरे पीछे खड़े हैं और मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। जन आशीर्वाद यात्रा परसों फिर से शुरू होगी। न्यायमूर्ति एस एस शिन्दे और न्यायमूर्ति एन जे जामदार की खंडपीठ राणे द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें नासिक में दर्ज प्राथमिकी और भविष्य में दर्ज किए जा सकने वाले अन्य सभी मामलों को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। राणे ने मंगलवार को दायर अपनी याचिका में गिरफ्तारी से संरक्षण दिए जाने का भी आग्रह किया है। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने कहा कि नासिक में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में याचिका पर सुनवाई की तारीख 17 सितंबर तक राणे के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

राणे के वकील सतीश मानशिन्दे ने

### पंजशीर के लड़ाकों से डरा पाकिस्तान

## विदेश मंत्री को अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों से मिलने भेजा

काबूल ■ एजेंसी

पंजशीर में तालिबान और नॉर्दन अलायंस के लड़ाकों से तालिबान के साथ पाकिस्तान भी घबराया हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों को साधने की जिम्मेदारी दी है। कुरैशी बुधवार को तालिबानियों के समर्थन में अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों को साधने में जुट गए। इसी क्रम में वे तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमाम अली रहमान ने कुरैशी से कहा है कि अफगानिस्तान में ताजिक मूल के 46त्न लोग रहते हैं। ताजिकिस्तान ऐसी सरकार को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व ना हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान में ताजिक मूल के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजशीर घाटी में भी अधिकतर ताजिक लोग ही रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक अफगानिस्तान की एक चौथाई आबादी ताजिक मूल की है। ताजिक पश्तूनों के बाद अफगानिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा नस्लीय समूह हैं। कुछ दिन पहले रूसी मीडिया में दावा किया गया था कि ताजिकिस्तान ने पंजशीर के लड़ाकों के लिए हथियार और अन्य आपूर्ति भेजी है। हालांकि इस खबर की पुष्टि नहीं हो सकी थी। पंजशीर इस समय चारों तरफ से तालिबान के नियंत्रण वाले इलाकों से घिरा है और वहां अभी सिर्फ हवाई मार्ग से ही जाया जा सकता है। ऐसे में तजाकिस्तान के पंजशीर में हथियार भेजने के दावों की पुष्टि कर पाना मुश्किल है। तजाकिस्तान के भारत से भी नजदीकी संबंध हैं। तालिबान ने कहा है कि इस्लाम के जानकार ही अफगानिस्तान में सरकार को चलाएंगे। तालिबान ने बताया कि 20 साल के अपने संघर्ष को खाली नहीं जाने देंगे।

## अत्याधुनिक चिनूक हेलीकॉप्टर की बक्सर के खेत में इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** बिहार के बक्सर में बुधवार की शाम भारतीय वायुसैनिकों के साथ बड़ा हादसा टल गया। वायुसेना के 20 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर जा रहे अत्याधुनिक चिनूक हेलीकॉप्टर की यहां के मानिकपुर गांव में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक स्कूल के पास खेत में लैंडिंग के बाद मिट्टी गिली होने के कारण हेलीकॉप्टर के पहिये भी मिट्टी में धंस गए। मामले की जानकारी वायुसेना के उच्चाधिकारियों के साथ ही इंजीनियरिंग विभाग को भी दे दी गई है। उनके आने के बाद भी इसके यहां से दोबारा उड़ने की संभावना है। फिलहाल इसमें सवार अधिकारियों और कर्मचारियों को पास के मानिकपुर हाईस्कूल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। जिस खेत में हेलीकॉप्टर को उतारा गया है वह मानिकपुर हाईस्कूल के मैदान का ही हिस्सा है।

### मानसून का तीसरा ब्रेक

## बारिश में 9% कमी की भरपाई संभव नहीं 27 अगस्त तक बेहद कम बारिश के आसार

नई दिल्ली ■ एजेंसी



देश के कुछेक क्षेत्रों को छोड़कर बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो रही है। मानसून में अब तक 9त्न कम बारिश हुई है। 24 अगस्त तक सामान्य रूप से 660.2 मिमी बारिश होनी चाहिए लेकिन 598.5 मिमी बारिश ही हुई है। अब मानसून ने इस सीजन का तीसरी बार ब्रेक भी ले लिया है, ऐसे में अब अगले चार दिन औसत से बेहद कम बारिश होगी, इसलिए बारिश में लगातार हो रही कमी की भरपाई होने की संभावना घटती जा रही हैं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के उलट अब मानसून के सामान्य रहने के आसार घट गए हैं। मौसम विभाग 31 अगस्त को संशोधित पूर्वानुमान जारी करेगा जबकि निजी एजेंसी स्काईमेट ने अपने पूर्वानुमान में बदलाव करते हुए कहा है कि 30 सितंबर तक समाप्त होने वाले मानसून के दौरान इस बार 6 फीसदी कम बारिश होने की संभावना है।

### लंबे और बार-बार आ रहे ब्रेक से कम हुई बारिश - स्काईमेट

स्काईमेट के विज्ञानी महेश पलावत ने कहा कि अगस्त में अभी तक 91त्न बारिश हुई है। जून के दूसरे पखवाड़े से जुलाई के पहले दिन तक ब्रेक मानसून रहा, फिर अगस्त में भी ब्रेक मानसून रहा और अब तीसरी बार चार-पांच दिन का ब्रेक शुरू हो गया है, इसलिए अब मानसून की रिकवरी की संभावना कम दिख रही है। हालांकि सितंबर में सामान्य शत-प्रतिशत बारिश के आसार हैं लेकिन कुल मिलाकर 6त्न की कमी रहने के आसार हैं।

# काबुल में सेना पर आतंकी हमले का खतरा, इसलिए 31 अगस्त तक वापस बुलाना ही होगा

वाशिंगटन ■ एजेंसी

*अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार कहा कि अमेरिकी सेना को हर हाल में 31 अगस्त तक अफगानिस्तान से वापसी करनी होगी। सेना की वापसी जल्दी शुरू करनी होगी, क्योंकि सेना पर आतंकी हमलों का खतरा बढ़ रहा है।*

*उन्होंने कहा कि जितना जल्दी हम सेना की वापसी पूरी कर सकें, उतना अच्छा होगा। वहां ऑपरेशंस का हर दिन हमारे लिए खतरे को बढ़ाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इस बारे में त्7 देशों के नेताओं से बात की है और सभी राष्ट्राध्यक्ष इसके लिए तैयार हो गए हैं। बाइडेन ने कहा कि वे 31 अगस्त तक रेस्क्यू ऑपरेशन को खत्म करने के लिए काम में तेजी ला रहे हैं। अफगानिस्तान में बढ़ते संकट के बीच कई यूरोपीय देशों के नेता बाइडेन पर दबाव बना रहे थे कि वे रेस्क्यू ऑपरेशन की आखिरी तारीख को आगे बढ़ाएं। इसके बारे में बाइडेन ने कहा कि 31 अगस्त की डेडलाइन को पूरा करना जरूरी है। तालिबान इसी शर्त पर सहयोग कर रहा है और लोगों को देश के बाहर ले जाने के लिए एयरपोर्ट का इस्तेमाल करने दे रहा है। उन्होंने कहा- मैंने पेंटागन और स्टेट डिपार्टमेंट से बात की है कि अगर 31 अगस्त के बाद भी सेना को वहां रुकना पड़ता है तो उसके लिए टाइम-टेबल तैयार कर लें। तालिबान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुजाहिद ने एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि नाटो की सेना 31 अगस्त तक किसी भी हाल में अफगानिस्तान छोड़कर चली जाए। हम इसकी समय सीमा बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं। उसने अमेरिका से अनुरोध किया कि वो अफगानिस्तान के काबिल लोगों को ना लेकर जाएं।*



### तालिबान ने की अफगानियों से अपील- अपना देश छोड़कर न जाएं



*तालिबान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुजाहिद ने एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि नाटो की सेना 31 अगस्त तक किसी भी हाल में अफगानिस्तान छोड़कर चली जाए। हम इसकी समय सीमा बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं। उसने अमेरिका से अनुरोध किया कि वो अफगानिस्तान के काबिल लोगों को ना लेकर जाएं। मुजाहिद ने कहा कि अमेरिका को डॉक्टरों, इंजीनियरों और पढ़े-लिखे एलीट वर्ग को अपने देश आने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि एयरपोर्ट पर अफरातफरी के माहौल की वजह से वे अफगान नागरिकों को एयरपोर्ट नहीं जाने दे रहे हैं। तालिबान ने अफगान नागरिकों से कहा है कि वो देश छोड़कर न जाएं। मुजाहिद ने कहा कि महिलाओं को अभी अपनी सुरक्षा की वजह से घरों में ही रहना चाहिए।*

# 255 टीकाकरण केन्द्रों पर लगा कोरोना का टीका


शिवाजी नगर केन्द्र पर अपनी पारी का इंतजार करते लोग।


काटजू अस्पताल में टीका लगवाने लगी भीड़।

**भोपाल ( निसं )।** कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के पहले दिन जिले में कुल 704 केन्द्रों एवं मोबाईल टीम के माध्यम से वैक्सीनेशन पूरे उत्साह से जारी रहा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अभियान के पहले दिन जवाहर चौक स्थित जैन मंदिर वैक्सीनेशन केन्द्र पर राज्यस्तरीय अभियान की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री चौहान बाद में काटजू अस्पताल स्थित केन्द्र गए और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अनेक टीकाकृत व्यक्तियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। काटजू अस्पताल केन्द्र की व्यवस्था बहुत शानदार थी जहां कोवीशील्ड और कोवैक्सीन के लिए पृथक-पृथक केन्द्र बनाए गए थे। यहां महिला, पुरूष, दिव्यांगजनों के साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष केन्द्र बनाया गया था। इस सेंटर पर टीकाकृत व्यक्तियों के आराम के लिए भी जलपान सहित बिस्तर भी लगाए गए थे। मुख्यमंत्री चौहान ने केन्द्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त कर तारीफ भी की। प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को जिले में महावैक्सीनेशन के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### आमजन में वैक्सीनेशन के प्रति अपार उत्साह रहा

प्रदेश में आज से शुरू हुए टीकाकरण महाअभियान-2 के पहले दिन शुरुआती घंटे में ही आमजन में वैक्सीनेशन के प्रति अपार उत्साह देखा गया। प्रातः 10 बजे तक 92 हजार 232 नागरिकों ने वैक्सीन लगवाई। वैक्सीन के लिए स्थापित किए गए टीकाकरण केंद्रों पर लंबी कतारें सुबह से ही लगना प्रारंभ हो गई। किसी ने वैक्सीन की पहली डोज तो किसी ने दूसरी डोज लगवा कर कोरोना संक्रमण से सुरक्षा कवच प्राप्त किया। वैक्सीन लगवाने वाले लोगों ने आई एम वैक्सीनेटेड की स्टांप लगवा कर सेल्फी ली और लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

जिले में 299 सत्रों का आयोजन स्वास्थ्य संस्थाओं, स्कूलों एवं पंचायत भवनों में किया गया। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा 255 सत्रों एवं 150 एस.डी.एम. मोबाईल टीम द्वारा टीकाकरण कार्य किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग की सभी संस्थाओं जैसे जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी केन्द्रों पर टीकाकरण पर नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की।

कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान के लिए कलेक्टर एवं सभी एस.डी.एम. के माध्यम से टीकाकरण जारी है। अभियान में जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित शासन के सभी विभागों एवं एन.जी.ओ. के समन्वित सहयोग से 100 प्रतिशत टीकाकरण हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर कोरोना वॉलिंटियर्स, समाजसेवी सहित अन्य प्रेरकों ने सुबह से ही अपने-अपने क्षेत्र में टीकाकरण अभियान के प्रति जागरूकता का माहौल बना कर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

## राजधानी में जारी है वाहन चोरों का आंतक, रोजाना पांच वाहन उड़ा रहे हैं बदमाश

**भोपाल।** राजधानी मे वाहन चोरी की वारदातों पर अकुंश नही लग पा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर में रोजाना करीब चार से पांच वाहनो पर बदमाश अपना हाथ साफ कर रहे है। बीते चौबीस घंटे में अलग-अलग थाना इलाको से चोरों ने देढ लाख कीमत के चार दो पहिया वाहनो को अपना निशाना बनाते उडा दिया ओर चंपत हो गए। सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना इलाके मे स्थित जिंसी क्षेत्र से चोरो ने ललित जलखरे की बाइक को चोरी कर लिया। वहीं हबीबगंज स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट अरेरा कॉलोनी से चोर स्वाति नामदेव की एक्टिवा लेकर फरार हो गए। उधर मंगलवारा के सिलावटपुरा से चोरों ने यासिर नाम के व्यक्ति की एक्टिवा पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में फरियादी यासिर ने चोरी का संदेह मुबीन नाम के युवक पर जताया है, जिसकी पुलिस की तलाश कर रही है। इधर हनुमानगंज स्थित घोड़ानक्कास से चोर इमरान अली की एक्टिवा चोरी कर चंपत हो गये। सभी मामलों में पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालाते हुए आरोपियों की सुरागशी के प्रयास किये जा रहे है।

## रिटायर्ड टीआई के मकान पर चोरों ने बोला धावा, डेढ़ लाख का माल समेट हुए फरार

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना इलाके में बदमाशो ने यहॉ रहने वाले रिटायर्ड टीआई के सूने मकान को अपना निशाना बनाकर करीब डेढ़ लाख का माल उडा दिया। बताया गया है कि फरियादी टीआई इस मकान में चार दिन पहले ही शिफ्ट हुए थे। खास बात यह है, कि फरियादी मिसरोद थाने में ही बतौर प्रभारी पदस्थ रहे हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। मिसरोद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उमाशंकर तिवारी थाना प्रभारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। एक सप्ताह पहले तक वो कोरल वुड कॉलोनी में परिवार के साथ किराये से रहते थे। उन्होंने फायूँन लैंडमार्क कवर्ड कैम्पस में प्लॉट लेकर मकान बनवाया है। सात दिन पहले ही उन्होने गृह प्रवेश किया है। हालांकि कॉलोनी अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हो सकी है। गृह प्रवेश के बाद उमाशंकर तिवारी ने किराये के मकान से सारा सामान लाकर अपने मकान में रखकर परिवार सहित रक्षाबंधन मनाने पैतृक गृहनगर पिपरिया चले गए थे। बीते दिन जब वो भोपाल पहुंचे तो उन्हे चोरो के कारनामे का पता चला। जानकारी के अनुसार बदमाश उनके यहां से करीब डेढ़ लाख का माल बटोरकर ले गए हैं। थाना पुलिस ने बताया कि जॉच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आगे की पडताल की जा रही है।

## हत्या, लूट सहित 25 केस होने पर किया था जिलाबदर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के विभिन्न थानों में हत्या, लूट सहित 25 केस दर्ज होने के कारण बदमाश मुजीब उर्फ बशीर को पिछले दिनों कलेक्टर अविनाश लवानिया के आदेश के बाद जिलाबदर किया गया था। इसके बावजूद वह शहर में एक आपराधिक वारदात को अंजाम देते हुए धर लिया गया। मुजीब ने मंगलवार रात को घोड़ा नक्कास इलाके से एक बाइक चोरी कर ली। बाइक मालिक ने मुजीब का पीछा किया तो वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया। राहगीरों की मदद से उन्होंने मुजीब को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सड़क पर गिरने से बदमाश के चेहरे पर चोट भी लगी है।

मंगलवारा थाना पुलिस के मुताबिक काजी कैंप निवासी मुजीब उर्फ बशीर पुत्र माजिद खान के खिलाफ कई संगीन अपराध दर्ज हैं। इस वजह से उसे जिलाबदर किया गया था। इसके बाद भी वह अपराध की नीयत से शहर में घूप रहा था। मुजीब ने मंगलवार रात करीब 10 बजे घोड़ा नक्कास से यासिर अराफात नाम के युवक की बाइक चोरी कर ली। मुजीब ने बाइक स्टार्ट की थी, तभी यासिर की नजर उस पर पड़ गई। उसने शोर मचाया तो मुजीब बाइक लेकर भाग निकला। यासिर ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ दूर जाकर मुजीब घबराहट और नशे की हालत में होने के कारण बाइक सहित सड़क पर गिर गया। यासिर ने राहगीरों की मदद से मुजीब को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में ले लिया। मुजीब के खिलाफ जिलाबदर का उल्लंघन करने का केस दर्ज किया गया है। आरोपित मुजीब हनुमानगंज थाने का निगरानीशुदा बदमाश है।

# कांग्रेसियों ने भैंस के आगे बजाई बीन

## ऊर्जा मंत्री के बंगले पर किया प्रदर्शन

**भोपाल ( निसं )।** भोपाल में कांग्रेसियों ने भैंस के आगे बीन बजाई। वे बिजली के रेट और बढ़े बिलों को लेकर नाराज थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के बंगले के बाहर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। भैंस पर बढ़े बिलों का फ्लैक्स भी लगाया। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि सरकार रेट कम करें और बिजली कंपनी उपभोक्ताओं को बिना रीडिंग लिए मनमाने बिल देना बंद करें, वरना प्रदेशभर में आंदोलन करेंगे।

बुधवार को कई कांग्रेसी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए ऊर्जा मंत्री तोमर के बंगले पर पहुंचे। युवक कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और भैंस के आगे बीन भी बजाई।



युवक कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेशाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया कि बढ़े बिजली के बिलों से व्यापारी, मजदूर, किसान के साथ आम नागरिक भी परेशान हैं। बावजूद प्रदेश सरकार लगातार बिजली के रेट बढ़ा रही है। भोपाल में कई उपभोक्ताओं को गलत रीडिंग के बढ़े हुए बिल भी दिए जा रहे हैं। इसके चलते ऊर्जा मंत्री के बंगले के बाहर भैंस के सामने बीन बजाई गई। ताकि मंत्री मूल्यवृद्धि वापस लें और उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिल देना बंद करें।

## क्राईम ब्रांच ने हजारों की शराब के साथ तस्कर को दबोचा

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच की टीम ने बीती रात कल्याणपुर जोड़ स्थित कृष्णा ढाबा के पास से कए शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार कीमत की देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कल्याणपुर जोड़ के पास बाबा का कृष्णा ढाबा एवं फेमिली रेस्टोरेन्ट के पास व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम कर रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुछताछ मे उसकी पहचान रमेश लोधी पिता मंगल सिंह लोधी (33) निवासी दशहरा मैदान के नवजीवन कालोनी थाना छोला मंदिर के रुप मे हुई।

# बैरागढ़ के व्यापारियों से मिले प्रगतिशील पैनल के प्रत्याशी, मांगा समर्थन

## भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव...



**भोपाल ( निसं )।** कोरोना के इस त्रासद काल में जब व्यापारी बहुत संकट में थे। व्यापारियों के सामने कई समस्याएं थी। लगातार दुकान बंद होने से व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। लेकिन व्यापारिक हितों के लिए काम करने वाली संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने हमारी कोई मदद नहीं की। यह बात बैरागढ़ के व्यापारियों ने चुनाव में समर्थन मांगने आए प्रगतिशील पैनल के प्रत्याशियों से कही।

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव को लेकर बुधवार को प्रगतिशील पैनल के प्रत्याशियों ने संत हिरदाराम नगर में परिचर्चा का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी गिनाई। परिचर्चा के दौरान बैरागढ़ के प्रमुख कपड़ा व्यापारी एवं कपड़ा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी ने कहा कि कोरोना संकट के समय चेंबर की भूमिका निराशाजनक थी। हमारी मदद करने के लिए कोई तैयार नहीं था। वाधवानी ने कहा कि नगर निगम ने कई गलत नियम बनाए हैं। व्यापारियों से बोर्ड लगाने पर भी टैक्स मांगा जा रहा है। इस तरह की कई समस्याएं हैं, जिनका निदान चेंबर के माध्यम से हो सकता है। चंदू भाई इसरानी ने कहा कि बैरागढ़ से बीआरटीएस लेन हटना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, भगवान देव इसरानी, भाजपा नेता राम बंसल ने भी अपने विचार रखे।

### व्यापारिक हितों के लिए काम करेंगे

इस अवसर पर प्रगतिशील पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि यह सच है कि कुछ समय से चेंबर की गतिविधियां ठप थीं, लेकिन हम चेंबर को प्रगतिशील संस्था बनाएंगे। व्यापारियों को वेबसाइट बनाना सिखाया जाएगा। छोटे उद्योगों एवं छोटे व्यापारियों को हितों के लिए काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन हरीश ज्ञानचंदानी ने किया। अजय देवनानी ने आभार प्रकट किया। समारोह में आकाश गोयल, मोतीराम, रामबाबू शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, वैभव जैन, वीरेंद्र जैन, कृष्ण कुमार बांगड़, नरेश पारदासानी, दिनेश वाधवानी, कन्हैयालाल ईसरानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## डॉयल-100 ने मासूम को 15 मिनट में ही परिवार वालों से मिलाया

**भोपाल( निसं )।** रजधानी के परवलिया थाना इलाके मे डॉयल-100 (एफआरव्ही) ने तत्काल कार्यवाही करते हुए घर से भटके तीन साल के मासूम को सूचना मिलने के 15 मिनट के अंदर ही उसके परिवार वालो को खोजकर उनके हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन थाना परवलिया सड़क की एफआरव्ही 31 को सूचना शाम करीब 5 बजकर 40 मिनट पर इंवेट मिला कि एक 3 साल का नाबालिग मासूम जो अपना नाम पता नही बता पा रहा है, ग्राम परवलिया सड़क में घूम रहा है, ओर वो अपना एवं अपने माता-पिता का नाम पता नही बता पा रहा है। सूचना मिलते ही थाना परवलिया सड़क एफआरव्ही में लगे स्टॉफ द्वारा परवलिया सड़क पुलिस को इसकी जानकारी देकर तुरंत ही मौके पर पहुचकर बच्चे को तलाश कर अपने संरक्षण में लेते हुए उसके माता-पिता की तलाश शुरु की। इस दौरान टीम को मासूम के माता-पिता परवलिया सड़क में अपने बच्चे की तलाश करते मिले। उनसे बातचीत करने पर उन्होने बताया कि जो मासूम पुलिस को मिला है, वो बच्चा उनका है, जिसका नाम अनमोल अहिरवार उम्र 3 वर्ष है, वही परिवार वालो ने अपना नाम हिम्मत सिहं अहिरवार पिता हल्केराम अहिरवार निवासी लाड़पुर शमशाबाद जिला विदिशा एवं पत्नी का नाम विनीता अहिरवार बताया जो रिश्तेदारी में जिला विदिशा से परवलिया सड़क आये थे, साथ ही यह भी बताया कि उनका बच्चा अचानक खेलते-खेलते कही चला गया था।

## जमीन बेचने का झांसा देकर 22 लाख हड़पे, आरोपित मां-बेटा गिरफ्तार

**भोपाल ( निसं )।** अयोध्या नगर थाना पुलिस ने जमीन की खरीदफरोख्त करने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर किसान मां-बेटों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश विहार निवासी चंद्रभानक्र तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि उन्होंने गुनगा स्थित ग्राम मनीखेड़ी में छह एकड़ जमीन पसंद की थी। यह जमीन किसान हेम सिंह, अजब सिंह और उनकी मां लीला बाई की थी। हेम सिंह से चंद्रभान ने साढ़े चार लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से सौदा कर उन्हें 22 लाख रुपए दे दिए। जब जमीन की रजिस्ट्री कराने की बारी आई तो हेम सिंह आनाकानी करने लगा। चंद्रभान ने दवाब बनाया तो वह एक दिन अचानक लापता हो गया।

इधर, चंद्रभान ने जमीन की जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई और रजिस्ट्री करवा ली। जब वह नामांतरण के लिए पहुंचे तो पता चला कि इस जमीन का सौदा पहले ही दो अन्य लोगों से हो चुका है। उन दोनों को यह जमीन फर्जी बही बनाकर बेची गई थी। पुलिस ने ठगी के आरोप में अजब सिंह और उसकी मां लीला बाई को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि हेम सिंह फरार है।

## दस हजार की रिश्वत मांगने वाला घूसखोर एसआई सस्पेंड

**भोपाल( निसं )।** लड़ाई-झगड़े के दर्ज एक मामले मे आरोपी को थाने से जमानत देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने राजधानी के एक थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक को बीते दिन रंगे हाथो दबोचा था। इस कार्यवाही की भनक लगते ही डीआईजी इरशाद वली ने आरोपी पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया है।

एसआई द्वारा दस हजार रुपये की मांग करने पर आरोपी पक्ष ने लोकायुक्त में इसकी शिकायत की। कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त पुलिस द्वारा एसआई के पास से साढ़े आठ हजार रुपये बरामद किए थे। लोकायुक्त अधिकारियो के अनुसार शहर में रहने वाले मकसूद नाम के व्यक्ति के परिजन पर मिसरोद थाने में मारपीट संबंधी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। मकसूद के मुताबिक बीते दिनो उनके भतीजे का होशंगाबाद रोड पर स्थित आशिमा माल पर कुछ लड़कों से विवाद हो गया था। दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसरोद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जांच अधिकारी एसआइ प्रकाश राजपूत ने मकसूद के भतीजे की गिरफ्तारी नहीं करने को लेकर उससे बात की। राजपूत ने कहा कि 10 हजार रुपए देने होंगे, तभी थाने से जमानत मिलेगी। बिना रुपये लिये जमानत नहीं देने पर मकसूद ने लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की थी। लोकायुक्त की जांच मे फरियादी की शिकायत सही पाये जाने पर लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथो दबोचने का प्लान तैयार किया। योजना के तहत मकसूद ने रुपये देने के लिए एसआइ प्रकाश सिंह राजपूत को मंगलवार सुबह वीआइपी रोड स्थित रेतघाट चौराहे के पास बुलाया था।

## *सिंधिया के समर्थन में सड़क पर उतरे थे दिग्विजय के करीबी बाबा*

# *मिर्ची बाबा के हवन में कमलनाथ ने दी आहुति*

***भोपाल ( निसं )।*** *पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भोपाल में बुधवार को वैराग्यानंद गिरी महाराज मिर्ची बाबा के गुफा मंदिर स्थित एक मंदिर में आयोजित शिव पूजन में शामिल हुए। कमलनाथ यहां करीब आधा घंटा रुके और साधु-संतों के साथ पूजा की। ये वही मिर्ची बाबा हैं, जिन्होंने भोपाल में लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह की जीत के लिए यज्ञ किया था, जिसमें उन्होंने संकल्प लिया था कि यदि दिग्विजय चुनाव हार जाते है तो मैं जल समाधि ले लूंगा।*

*दिग्विजय सिंह जब BJP प्रत्याशी प्रज्ञा ठाकुर से चुनाव हार गए तो मिर्ची बाबा भोपाल से चले गए थे, लेकिन कुछ समय बाद वे वापस आए और समाधि लेने को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा किया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें समाधि लेने से रोका गया तो वह अन्न-जल त्याग देंगे। इसके बाद जिला प्रशासन ने उन्हें होटल में ही नजरबंद कर दिया था।*

***सिंधिया का भी मिर्ची बाबा ने किया था समर्थन:*** *कांग्रेस सरकार के दौरान कमलनाथ और सिंधिया के बीच सियासी तकरार हुई थी। सिंधिया ने अपनी ही सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरने की धमकी दी थी, तब मिर्ची बाबा सिंधिया के समर्थन में आ गए थे। उन्होंने सिंधिया के बयान को सही बताया था। साथ ही इस बात का भी आश्वासन दिया था कि अगर सिंधिया सड़कों पर उतरे तो वो भी उनके साथ सड़कों पर उतरेंगे।*



***शिवराज ने कहा- क्यों करवा रहे पूजा, वे ही जानें:*** *मिर्ची बाबा के कार्यक्रम में कमलनाथ के शामिल होने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमें तो यह उम्मीद है कि सब (कांग्रेस) महा वैक्सीनेशन अभियान में शामिल होंगे। श्रीमान कमलनाथ क्यों मिर्ची बाबा से पूजा करवा रहे हैं यह वही जानें।*

### *लक्ष्मण सिंह ने कमलनाथ को मिर्ची बाबा से दूर रहने की दी थी सलाह*

*सिंधिया और उनके समर्थक मंत्रियों व विधायकों की बगावत के चलते कमलनाथ सरकार गिरने के बाद हुए उपचुनाव के दौरान मिर्ची बाबा एक बार फिर सक्रिय हुए थे, लेकिन दिग्विजय के भाई कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने कमलनाथ को मिर्ची बाबा से दूर रहने की सलाह दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था- कांग्रेस के साथी, भाजपा और संघ की विचारधारा को निरन्तर कोसते हैं, मैं भी उनकी विचारधारा से सहमत नही हूं, परन्तु कांग्रेस की विचारधारा कहां लुप्त हो गई कि चुनाव में हमें दुष्ट तांत्रिक बाबाओं की मदद लेनी पड़ रही है।*

## रक्षांबधन मनाने गई नर्स के घर चोरी

**भोपाल।** राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में एक नर्स के सूने मकान मे लाखों की चोरी होने की घटना प्रकाश मे आई है। बताया गया है कि नर्स रक्षाबंधन के चलते अपने मायके ग्वालियर गई थी, इसी दोरान चोरो ने अपना कमाल दिखा दिया। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांधी मेडिकल कॉलेज, हमीदिया अस्पताल में नर्स के पद पर पदस्थ श्वाति जोशी पति महेंद्र कुमार (36) ने शिकायत करते हुए बताया कि वो अब्बास नगर स्थित बिलियर्ड्स कॉलोनी में परिवार सहित रहती हैं। उनका मायका ग्वालियर हैं। वे रक्षाबंधन के एक दिन पहले परिवार के साथ भाई को राखी बांधने ग्वालियर चली गई थीं। बीते दिन जब वो वापस लौटकर आई तो देखा कि उनके मकान मे चोरी हो गई है। अज्ञात बदमाश पीछे के दरवाजे से घर में घुसे थे। फिलहाल फरियादी नर्स ने पुलिस को चोरी गए सोने-चांदी के जेवर व अन्य सामान की सूची नहीं दी है।